जोधाणा पब्लिसिटी दिनेश गौड़ ने बताया कि ज्यादातर लोग अपने परिवार सहित मेले में पहुंचे। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। चकरी, डोलर, झूले, उनके खेलने के आयटम, उनके कपड़े, गर्मी में पहने जाने वाले खास डिजाईन किये बच्चों के कपड़ों की भी मेले में खूब खरीददारी हो रही है। दोपहर में 12 बजे से शाम 3 बजे तक तो लोगों का घरों से निकलना भी दुभर हो रहा है लेकिन खरीददारी के शौकीनों को भीषण गर्मी से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। यहां पर सवेरे शाम के अलावा दोपहर में भी लगभग हर स्टॉल पर मेलार्थी अपनी पसन्द की वस्तुएं खरीदते हुए देखे जा सकते हैं। हालांकि शाम को तो मेला अपने पूरे यौवन पर होता ही है लेकिन दोपहर में भी मेला स्थल लगातार चलता रहता है। इससे पता चलता है कि उदयपुर वालों को अच्छी और क्वालिटी की वस्तुओं की कदर है और वह किसी भी कीमत पर यह मौका छोडना नहीं चाहते हैं।

यहां पर हर चीज की सेल लगी हुई है। वाजिब दामों पर हर वर्ग के पसन्द ही चीजें यहां पर उपलब्ध हैं। मेले में चारों और घूम- घूम कर लोग अपनी पसन्द की चीजें खरीदते हैं। आखिर दो घंटे मेले में घूमने के बाद भूख लगना स्वाभाविक है। इसलिए अपनी खरीददारी का काम निबटा के लोग सीधे ही फूड जोन का रूख करते हैं।

शनिवार को हर स्टॉल पर खरीददारों की भीड़ रही। महिलाओं ने घर में काम आने वाने प्लास्टिक के आयटमों को खरीदने में ज्यादा रूचि दिखाई। प्लास्टिक के आयटम खरीदने वाली कुछ महिलाओं ने बताया कि प्लास्टिक के आयटमों की खासियत यह होती है एक तो वह बहुत ही हल्के होते हैं। इस जगह अगर लोहे कह बाल्टियां या तगारी खरीदें तो उनमें वजन भी होता है। वह प्लास्टिक के आयटमों के मुकाबले काफी महंगे होते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात यह कि लोहे के आयटमों में हल्का सा पानी लगने से उनमें जंग लग जाता है और वह खराब भी हो जाते हैं। प्लास्टिक के आयटम सस्ते भी होते हैं ओर टूट जाने के बाद भी कोई गम नहीं होता है। इसलिए अब घरों में महिलाएं लोहे कह तगारी की जगह प्लास्टिक का टब और लोहे की बाल्टियों की जगह प्लास्टिक की बाल्टियां इस्तेमाल करती है। गौड़ ने बताया कि मेले में फर्नीचर हैंडलूम कपड़े वे ज्वेलरी सहित कई स्टॉल्स मेले में लग चुकी है।

## ब्रह्मकुमारी की स्थापना पर आधारित थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट' आज होगी रिलीज



**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

ब्रह्मकुमारी की स्थापना की अद्भुत कहानी पर आधारित थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट' रविवार 26 मई को सुबह 10 बजे से राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर स्थित सिने स्टार मूवी हॉल में प्रदर्शित की जाएगी।

इसके प्रमोशन के लिए राजधानी के सीकर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय पीस पैलेस ओम शांति मेडिटेशन सेंटर श्रीनिवास में पोस्टर का विमोचन करने माउंट आबू से आई ब्रह्माकुमारी शिखा बहन और पीस पैलेस की संचालिका ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज गोडलीवुड स्टूडियो माउंट आबू द्वारा निर्मित पहली थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट' को इस वर्ष मार्च महिने में पहली बार राजधानी जयपुर स्थित राजमंदिर सिनेमा हॉल में प्रदर्शित किया गया था। अब दर्शकों की डिमांड पर दूसरी बार इसे 26 मई को गुलाबी नगरी के सिनेमा हॉल में प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी अविवाहित महिलाओं द्वारा संचालित विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था है।

इसकी स्थापना की अद्भुत गाथा और संख्या के साकार संस्थापक पिता ब्रह्माजी के जीवन के सत्य प्रसंग पर आधारित एक प्रेरणादायक कहानी पूर्व ब्रह्माकुमारीज गोडलीवुड स्टूडियो, माउंट आबू द्वारा निर्मित थ्रीडी एनिमेशन फिल्म 'द लाइट', भारत देश के अनेक स्थानों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई जा रही है। अभी तक इसके 650 सीट की बुकिंग हो चुकी है। इस फिल्म के जरिए पिताश्री ब्रह्मा के आध्यात्मिक और चुनौतीपूर्ण जीवन यात्रा को दर्शाया गया है। महिला सशक्तिकरण और संस्था की स्थापना में आई अनेक बाधाओं का महिलाओं ने कैसे सामना किया यह इस फिल्म में दिखाया जाएगा। इस फिल्म का उद्घाटन फिल्म स्थल पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा। इस फिल्म को देखने के लिए आमजन में भारी उमंग व उत्सुकता है।

### 111 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के आदेश जारी, 27 से आरआरटीआई अजमेर में लेंगे प्रशिक्षण

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

राजस्व मंडल अजमेर ने राजस्थान में 111 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के आदेश शनिवार को जारी कर दिए। राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2021 के परिणाम के आधार पर राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की अनुशंसा एवं राज्य सरकार के अनुमोदन पश्चात राजस्थान तहसीलदार सेवा नियमावली 1956 के नियम 34 के तहत सफल रहे अभ्यर्थियों में से 111 को 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है। राजस्व मंडल निबंधक हावीर प्रसाद ने बताया कि इन प्रशिक्षणाधीन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में विभागीय परीक्षा अनिवार्यतः उत्तीर्ण करनी होगी। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी 27 मई को सुबह 9: 30 बजे से आरआरटीआई अजमेर में अपनी उपस्थिति देंगे। उपस्थित होने की तिथि को ही उनकी कार्यग्रहण तिथि माना जाएगा।

## 'उपभोक्ता की शिकायत सुनकर डिस्कॉम कॉल सेन्टर व सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता को स्वयं सूचित करे'

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

प्रदेश में हीटवेव के बढते प्रभाव को देखते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति व अन्य तकनीकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के साथ ही सर्किल स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रुम पर उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कराने व उनके समाधान की व्यवस्था की हुई है। इन पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी किया जा रहा है फिर भी कुछ स्थानों से प्राप्त सूचना के अनुसार सर्किल स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रुम में बैठने वाले कर्मचारी व अभियन्ता शिकायत दर्ज करने के स्थान पर उपभोक्ता को कॉल सेन्टर के नम्बर या सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता/ सहायक अभियन्ता के मोबाइल नम्बर देकर बात करने के लिए कह देते है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इस तरह की कार्य प्रणाली को गम्भीरता से लेते हुए सर्किल स्तर पर कार्यरत कन्ट्रोल रुम में उपभोक्ताओं की कॉल अटेण्ड करने वाले सभी कर्मचारियों और अभियन्ताओं को सख्त निर्देश प्रदान किए हैं। आलोक ने निर्देश दिए हैं कि सर्किल स्तर पर कन्ट्रोल रुम में किसी भी उपभोक्ता द्वारा कॉल करने पर उसकी शिकायत को दर्ज कर स्वंय के द्वारा ही डिस्कॉम स्तर के कॉल सेन्टर व सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/ कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित किया जाए और किसी भी उपभोक्ता को कॉल सेन्टर, सहायक अभियन्ता/ कनिष्ठ अभियन्ता के मोबाइल नम्बर देकर बात करने के लिए नही कहा जाए। समाधान के उपरान्त यथा संभव सम्बन्धित उपभोक्ता से शिकायत के समाधान का सत्यापन भी किया जाए। इसमें कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## सेंट ग्रिगोरियस स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम

**बिज़नेस रेमेडीज/उदयपुर**

सीबीएसई द्वारा जारी किए गए 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में शहर के प्रतिष्ठित सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने फिर अपनी सफलता का परचम लहराया। कक्षा दसवीं की छात्रा आयुष्मा शर्मा ने 97.4 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं की छात्रा अनुष्का तुली ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

सम्यक चित्तौड़ा (विज्ञान संकाय) , तनय तातेड़ (वाणिज्य संकाय) एवं अनुष्का तुली (कला संकाय) के टॉपर्स रहे। इनके साथ गौतम जाट 94.6 प्रतिशत, सम्यक चित्तौड़ा 94.4 प्रतिशत, चेष्टा कोठारी 94 प्रतिशत, विदिता सुमन 94 प्रतिशत, महिका व्यास 94 प्रतिशत, वंश गहलोत 93.8 प्रतिशत, हिमांशी मेहता 93.8 प्रतिशत, ईशान्वी शर्मा 93.8 प्रतिशत, चित्राक्षी जैन 93.6 प्रतिशत, दिशा बडाला 93.6 प्रतिशत , नील गुप्ता 93 प्रतिशत, नीति जैन 92.2 प्रतिशत, निलय कुमार श्रीवास्तव 92.2 प्रतिशत , नमन पोखरना 92.2 प्रतिशत , प्रथम पाराशर 91.6 प्रतिशत , याशिका झिरिवर 91 प्रतिशत, जनिष्का असवानी 91 प्रतिशत , लतिका जोशी 91 प्रतिशत, अशरिता कुलश्रेष्ठ 90.8 प्रतिशत,आशवी पानेरी 90.6 प्रतिशत, प्रखर राठी 90.6 प्रतिशत, नैतिक जैन 90 प्रतिशत और गर्वित सोनी 90 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम दिया।

कक्षा दसवीं में कुल 106 और बारहवीं में कुल 36 छात्रों ने विशेष योग्यता , कक्षा दसवीं में 178 और बारहवीं में 82 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और कक्षा दसवीं में 27 व बारहवीं में 17 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या शुभा जोस ने विद्यालय प्रबंधन और संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से मेधावी विद्यार्थियों के समर्पण और कठिन परिश्रम द्वारा अर्जित सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आवश्यकता**

**बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।**

सम्पर्क करें

**बिजनेस रेमेडीज**

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
0141-278568, 9929106227
E-Mail: remediesbusiness@gmail.com
businessremedies@yahoo.com

# 'अरविंद एंड कंपनी शिपिंग एजेंसी लिमिटेड' ने घोषित किए वित्तीय परिणाम

ARVIND AND COMPANY Shipping Agencies Limited

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** गुजरात के जामनगर आधारित 'अरविंद एंड कंपनी शिपिंग एजेंसी लिमिटेड' केरिंग और फॉरवर्डिंग एजेंट के रूप में कारोबार करने वाली कंपनी है। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त दूसरी छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 7.15 करोड़ रुपए के मुकाबले 8.08 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 4.11 करोड़ के मुकाबले 3.17 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 8.41 करोड़ रुपए के मुकाबले 14.15 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 3.74 करोड़ के कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 5.26 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**यह करती है कंपनी:** सितंबर, 1987 में कंपनी का इनकॉरपोरेशन हुआ था। 'अरविंद एंड कंपनी शिपिंग एजेंसी लिमिटेड' केरिंग और फॉरवर्डिंग एजेंट के रूप में कारोबार करने वाली कंपनी है। कंपनी गुजरात के जामनगर में स्थित है। कंपनी कार्गो बार्ज, फ्लैट टॉप बार्ज, क्रेन माउंटेड बार्ज, हॉपर बार्ज, स्पड बार्ज और कार्गो के लिए टग जैसे जहाजों में काम करती है। कंपनी मुख्य रूप से समुद्री जहाजों और सहायक उपकरणों से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है और बहुराष्ट्रीय निगमों को उपकरणों की आपूर्ति करती है।

कंपनी ने होटल मिलेनियम प्लाजा और होटल 999 के साथ आतिथ्य व्यवसाय में प्रवेश करके अपने व्यापार का भी विस्तार किया है। अरविंद एंड कंपनी शिपिंग एजेंसी लिमिटेड में 15 से अधिक कर्मचारी हैं और इसने 850 से अधिक परियोजनाएं पूरी की है। अरविंद एंड कंपनी शिपिंग एजेंसीज लिमिटेड (एसीएसएएल) जामनगर के अर्काडिया समूह का एक हिस्सा है। आज की तारीख में, समूह के पास अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 34 बार्ज का पोर्टफोलियो है। अर्काडिया ग्रुप विभिन्न बंदरगाह निर्माण कंपनियों के लिए एक सेवा प्रदाता है। ऐसी सेवाओं में स्टीवडोरिंग, कार्गो हैंडलिंग, जहाज एजेंसी का काम, ड्रेजिंग, अंडरवाटर ट्रेंचिंग, अंडरवाटर रॉक ब्रेकिंग, बंदरगाह निर्माण, बंदरगाह रखरखाव और अन्य समुद्री कार्य शामिल हैं। कंपनी मुख्य रूप से चार्टरिंग व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी की चार्टरिंग गतिविधियों में मुख्य रूप से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए बार्ज को किराए पर लेना शामिल है। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के पास कुल 5 (पांच) बार्ज, यानी 'अर्काडिया सुमेरु' (वित्तीय वर्ष 2021), 'केबी-26' और 'केबी-32' (वित्तीय वर्ष 2022), 'केबी-28' और 'अर्काडिया मिनिका' (वित्तीय वर्ष 2023) हैं।

# इनोवाना फिटनेस लैब्स लिमिटेड ने फिटनेस के शौकीनों के लिए बेहतरीन व्हे प्रोटीन पाउडर 'प्रोटीवाना' पेश किया

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** इनोवाना फिटनेस लैब्स लिमिटेड ने 'प्रोटीवाना' के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक प्रीमियम व्हे प्रोटीन पाउडर है जिसे




सावधानीपूर्वक आपकी फिटनेस यात्रा को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। घरेलू बाज़ार की पूर्ति के लिए, प्रोतिवाना को एथलीटों, बॉडीबिल्डरों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। प्रोटीवाना कठोर गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और उत्कृष्ट फॉर्मूलेशन तकनीकों का परिणाम है जो इसे प्रोटीन सप्लीमेंट के प्रतिस्पर्धी बाजार में खड़ा करता है। प्रत्येक सर्विंग में संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त अल्ट्रा-फ़िल्टर्ड मट्ठा से प्राप्त प्रभावशाली 25.22 ग्राम प्रोटीन मिलता है। यह बेहतर फॉर्मूलेशन 92% की उल्लेखनीय प्रोटीन सांद्रता का दावा करता है, जो इसे आज उपलब्ध सबसे शक्ति शाली विकल्पों में से एक बनाता है।

प्रोटीन सामग्री के अलावा, प्रोटीवाना में आवश्यक विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ एक मजबूत अमीनो एसिड प्रोफ़ाइल भी शामिल है जिसमें 5 ग्राम ब्रांच्ड-चेन एमिनो एसिड (बीसीएए) और 3.93 ग्राम ग्लूटामाइन और ग्लूटामिक एसिड प्रति सर्विंग शामिल है। यह पोषक तत्वों से भरपूर संरचना न केवल प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों को ऊर्जा प्रदान करती है, बल्कि कसरत के बाद तेजी से रिकवरी भी करती है। प्रोटीवाना को जो चीज़ वास्तव में अलग करती है, वह है शुद्धता के प्रति उसका समर्पण - यह गैर-जीएमओ, ग्लूटेन-मुक्त और शाकाहारी-अनुकूल है। ये विशेषताएं सुनिश्चित करती हैं कि सर्वोत्तम पोषण चाहने वाला कोई भी व्यक्ति बिना किसी समझौते के इस उत्पाद को आत्मविश्वास से अपने आहार में शामिल कर सकता है। इसके उच्च-गुणवत्ता वाले अवयवों को मिश्रण करना और अवशोषित करना आसान है। यह त्वरित तैयारी के समय और ऊर्जा के स्तर पर तत्काल प्रभाव सुनिश्चित करता है, चाहे कसरत से पहले या बाद में या दैनिक पोषण संबंधी दिनचर्या के हिस्से के रूप में। मांसपेशियों की वृद्धि, रिकवरी और समग्र कल्याण में सहायता के लिए बेजोड़ प्रोटीन सांद्रता और प्रकृति के बेहतरीन पोषक तत्वों के मिश्रण के साथ, प्रोटीवाना में किसी के आहार को समृद्ध करने के लिए आवश्यक सभी चीजें मौजूद हैं।

# मार्को केबल्स एंड कंडक्टर्स लिमिटेड ने घोषित किए वित्तीय परिणाम

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मार्को केबल्स एंड कंडक्टर्स लिमिटेड देश में वायर, केबल वायर और कंडक्टर के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त दूसरी छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 34.74 करोड़ रुपए के मुकाबले 51.19 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 2.75 करोड़ के मुकाबले 2.10 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 56.93 करोड़ रुपए के मुकाबले 72.07 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 3.08 करोड़ के कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 3.08 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियां:** वर्ष 1989 में कंपनी का इनकॉर्पोरेशन हुआ था। मार्को केबल्स एंड कंडक्टर्स लिमिटेड भारत में वायर, केबल वायर और कंडक्टर के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में लगी हुई है।

**कंपनी की उत्पाद सूची में शामिल हैं:1.एलटी एरियल बंच्ड केबल:** इसका उपयोग ओवरहेड विद्युत वितरण के लिए किया जाता है। यह स्थापना, रखरखाव और परिचालन लागत को कम करके उच्च सुरक्षा और विश्वसनीयता, कम बिजली हानि और अंतिम सिस्टम अर्थव्यवस्था प्रदान करता है, जो पहाड़ी क्षेत्रों, वन क्षेत्रों, तटीय क्षेत्रों आदि जैसे कठिन इलाकों में स्थापना के लिए सर्वोत्तम है।, **2.एलटी पीवीसी केबल्स, 3.एएएसी कंडक्टर:** उपचार के बाद इसे बेहतर यांत्रिक गुण देने के लिए मैग्नीशियम (0.6-0.9 ) और सिलिकॉन (0.5-0.9%) युक्त उच्च विद्युत चालकता वाले एल्यूमीनियम-मैग्नीशियम-सिलिकॉन मिश्र धातु से बनाया जाता है।, **4.एलटी एक्सएलपीई केबल्स:** ये सीयू/एआई कंडक्टर के साथ एक्सएलपीई इंसुलेशन, लेड अप, इनर टेप्ड/एक्सट्रूडेड के साथ निर्मित होते हैं। इसका कवच गैल्वनाइज्ड माइल्ड स्टील तारों/स्ट्रिप्स का है।अंतिम बाहरी आवरण उच्च ग्रेड पीवीसी के साथ निर्मित होता है। सभी निर्माण प्रक्रिया आईएस विनिर्देशों के अनुसार हैं।

**5. एसीएसआर कंडक्टर:** एसीएसआर कंडक्टर में एक ठोस या फंसे हुए स्टील कोर होते हैं जो एल्यूमीनियम (ई.सी. ग्रेड) के तारों से घिरे होते हैं। एसीएसआर कंडक्टर स्टील की एक विस्तृत श्रृंखला में उपलब्ध है, जिसमें 0.5% से 0.85% तक कार्बन होता है। एसीएसआर कंडक्टर में उच्च तन्यता ताकत होती है जो इसे नदी क्रॉसिंग, ओवरहेड ग्राउंड तारों, अतिरिक्त लंबे स्पैन वाले इंस्टॉलेशन आदि के लिए उपयोगी बनाती है। मार्को केबल्स एंड कंडक्टर्स की विनिर्माण इकाई नासिक, महाराष्ट्र में स्थित है और 07 अगस्त, 2023 तक इसकी संयुक्त स्थापित उत्पादन क्षमता 18,000 किलोमीटर प्रति वर्ष है।

# SHRIRAM GENERAL INSURANCE COMPANY LIMITED

## E-8, EPIP, RIICO Industrial Area, Sitapura, Jaipur-302022 (Rajasthan)

**Tel No.: 0141-4828400, Toll Free No.: 1800-103-3009, 1800-300-30000 Website: https://www.shriramgi.com**

**Registration No. 137 and Date of Registration with the IRDAI - May 08,2008 CIN No. U66010RJ2006PLC029979 ISO/IEC 27001:2013 Certified**

### REVENUE ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED ON 31st MARCH 2024

FORM NL-1-B-RA (Amount in Rs. Lakhs)

| | Particulars | Fire | | Marine | | Miscellaneous | | Total | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31st March 2024 | 31st March 2023 | 31st March 2024 | 31st March 2023 | 31st March 2024 | 31st March 2023 | 31st March 2024 | 31st March 2023 |
| 1 | Premiums earned (Net) | 2,761 | 3,553 | 26 | 20 | 234,628 | 176,212 | 237,415 | 179,785 |
| 2 | Profit/ Loss on sale/redemption of Investments | (8) | (43) | - | (1) | (252) | (1,168) | (260) | (1,212) |
| 3 | Interest, Dividend & Rent – Gross | 2,045 | 2,227 | 49 | 56 | 67,442 | 61,118 | 69,536 | 63,401 |
| 4 | Other (a) Other Income (to be specified) | | | | | | | | |
| | (i) Co-Insurance Administration Income | (28) | (24) | - | - | (8) | (4) | (36) | (28) |
| | (ii) Amortisation of discount / (premium), Net | 2 | (15) | - | - | 61 | (399) | 63 | (414) |
| | (iii) Misc. Income | 273 | 252 | - | - | 417 | 103 | 690 | 355 |
| | (b) Contribution from the Shareholders' Account (i) Towards Excess Expenses of Management (ii) Others (please specify) | - | - | - | - | 13,029 | 3,701 | 13,029 | 3,701 |
| | **TOTAL (A)** | **5,045** | **5,950** | **75** | **75** | **315,317** | **239,563** | **320,437** | **245,588** |
| 5 | Claims Incurred (Net) | 1,885 | 1,031 | 6 | (18) | 147,678 | 121,830 | 149,569 | 122,843 |
| 6 | Commission | 1,391 | 662 | 22 | 5 | 64,515 | 10,633 | 65,928 | 11,300 |
| 7 | Operating Expenses related to Insurance Business | 1,026 | 2,338 | 20 | 27 | 35,061 | 62,013 | 36,107 | 64,378 |
| 8 | Premium Deficiency | | | | | | | | |
| | **TOTAL (B)** | **4,302** | **4,031** | **48** | **14** | **247,254** | **194,476** | **251,604** | **198,521** |
| 9 | Operating Profit/(Loss) C= (A - B) | **743** | **1,919** | **27** | **61** | **68,063** | **45,087** | **68,833** | **47,067** |
| 10 | APPROPRIATIONS | | | | | | | | |
| | Transfer to Shareholders' Account | 743 | 1,919 | 27 | 61 | 68,063 | 45,087 | 68,833 | 47,067 |
| | Transfer to Catastrophe Reserve | | | | | | | | |
| | Transfer to Other Reserves (to be specified) | | | | | | | | |
| | **TOTAL (C)** | **743** | **1,919** | **27** | **61** | **68,063** | **45,087** | **68,833** | **47,067** |

### PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED ON 31st MARCH 2024

FORM NL-2-B-PL (Amount in Rs. Lakhs)

| | Particulars | 31st March 2024 | 31st March 2023 |
|---|---|---|---|
| 1 | OPERATING PROFIT/(LOSS) | | |
| | (a) Fire Insurance | 743 | 1,919 |
| | (b) Marine Insurance | 27 | 61 |
| | (c) Miscellaneous Insurance | 68,063 | 45,087 |
| | | | |
| 2 | INCOME FROM INVESTMENTS | | |
| | (a) Interest, Dividend & Rent – Gross | 6,266 | 7,118 |
| | (b) Profit on sale of investments | 136 | 2,347 |
| | (c) (Loss on sale/ redemption of investments) | - | - |
| | (d) Amortization of Premium / Discount on Investments | (195) | (181) |
| 3 | OTHER INCOME (To be specified) | | |
| | (a) Interest on Income Tax Refund | - | 259 |
| | | | |
| | **TOTAL (A)** | **75,040** | **56,610** |
| | | | |
| 4 | PROVISIONS (Other than taxation) | | |
| | (a) For diminution in the value of investments | - | - |
| | (b) For doubtful debts | (2) | 615 |
| | (c) Others (to be specified) | - | - |
| | | | |
| 5 | OTHER EXPENSES | | |
| | (a) Expenses other than those related to Insurance Business | 164 | 497 |
| | (b) Expenses towards CSR activities | 1,433 | 1,766 |
| | (c) Contribution to Policyholders' A/c | | |
| | (i) Towards Excess Expenses of Management | 13,029 | 3,701 |
| | (ii) Others (please specify) | - | - |
| | (d) Others (Please specify) | | |
| | (i) (Profit)/Loss on Sale/Write off of Fixed Assets (Net) | - | 9 |
| | **TOTAL (B)** | **14,624** | **6,588** |
| | | | |
| **6** | **Profit/(Loss) Before Tax** | **60,416** | **50,022** |
| | | | |
| 7 | Provision for Taxation | 14,966 | 12,827 |
| | | | |
| **8** | **Profit / (Loss) after tax** | **45,450** | **37,195** |
| 9 | APPROPRIATIONS | | |
| | (a) Interim dividends paid during the year | 21,640 | 14,513 |
| | (b) Final dividend paid | 11,403 | 16,068 |
| | (c) Transfer to any Reserves or Other Accounts (to be specified) | - | - |
| | | | |
| | Balance of profit/ loss brought forward from last year | 216,403 | 209,789 |
| | | | |
| | **Balance carried forward to Balance Sheet** | **228,810** | **216,403** |

### BALANCE SHEET AS AT 31st MARCH 2024

FORM NL-3-B-BS (Amount in Rs. Lakhs)

| Particulars | Schedule Ref. Form No. | As At 31.03.2024 | As At 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| SOURCES OF FUNDS | | | |
| SHARE CAPITAL | NL-8 | 25,916 | 25,916 |
| SHARE APPLICATION MONEY PENDING ALLOTMENT | | - | - |
| RESERVES AND SURPLUS | NL-10 | 228,830 | 216,423 |
| | | | |
| FAIR VALUE CHANGE ACCOUNT | | | |
| -Shareholders' Funds | | 8,333 | (2,979) |
| -Policyholders' Funds | | - | - |
| | | | |
| BORROWINGS | NL-11 | - | - |
| | | | |
| **TOTAL** | | **263,079** | **239,360** |
| | | | |
| APPLICATION OF FUNDS | | | |
| INVESTMENTS-Shareholders | NL-12 | 157,610 | 131,057 |
| INVESTMENTS-Policyholders | NL-12A | 1,048,807 | 995,316 |
| LOANS | NL-13 | - | - |
| FIXED ASSETS | NL-14 | 4,887 | 5,012 |
| DEFERRED TAX ASSET | | 6,893 | 4,926 |
| CURRENT ASSETS | | | |
| Cash and Bank Balances | NL-15 | 5,043 | 2,650 |
| Advances and Other Assets | NL-16 | 45,279 | 50,863 |
| **Sub-Total (A)** | | **50,322** | **53,513** |
| | | | |
| DEFERRED TAX LIABILITY | | | |
| CURRENT LIABILITIES | NL-17 | 835,478 | 820,547 |
| PROVISIONS | NL-18 | 169,962 | 129,917 |
| **Sub-Total (B)** | | **1,005,440** | **950,464** |
| NET CURRENT ASSETS (C) = (A - B) | | (955,118) | (896,951) |
| MISCELLANEOUS EXPENDITURE (to the extent not written off or adjusted) | NL-19 | - | - |
| DEBIT BALANCE IN PROFIT AND LOSS ACCOUNT | | - | - |
| **TOTAL** | | **263,079** | **239,360** |

NOTES;

1. The disclosures are made in accordance with the IRDA circular No. IRDAI/F&A/CIR/MISC/256/09/2021 dated 30th September,2021

2. The Financial Statements i.e. Revenue Account, Profit & Loss Accounts & Balance Sheet which have been audited by the statutory auditors, were reviewed by the Audit Committee and approved by Board of Directors in the meeting held on 21st May, 2024.

3.The analytical ratios are computed as per IRDA master circular dated 5th October, 2012 and subsequent corrigendum dated 3rd July 2013 & Circular IRDAI/F&A/CIR/MISC/256/09/2021 dated 30th September,2021

4. The Board of Directors of the Company has proposed a final dividend of Rs. 3.90 per Share (P.Y. Rs. 4.40 per share) aggregating to Rs. 10107 lakhs (P.Y. Rs. 11403 Lakhs) for the financial year 2023-24. During the financial year 2023-24, the Company has paid interim dividend of Rs. 8.35 per share (PY Rs. 5.60 per share), aggregating to Rs. 21640 Lakhs (PY Rs. 14513 Lakhs).

5. Previous year's figures are regrouped / rearranged wherever necessary to make them comparable with those of current year.

For and on behalf of the Board
-Sd/-
Anil Kumar Aggarwal
Managing Director & CEO
DIN : 01330337

Place: Jaipur
Dated: 21st May, 2024

### Analytical Ratios for Non-Life companies

FORM NL-20-ANALYTICAL RATIOS SCHEDULE

| Sl.No. | Particular | 31st March 2024 | 31st March 2023 |
|---|---|---|---|
| 1 | Gross Direct Premium Growth Rate | 34.00% | 29.26% |
| 2 | Gross Direct Premium to Net worth Ratio | 119.18% | 93.50% |
| 3 | Growth rate of Net Worth | 9.18% | 5.53% |
| 4 | Net Retention Ratio | 91.95% | 91.74% |
| 5 | Net Commission Ratio | 23.49% | 5.39% |
| 6 | Expense of Management to Gross Direct Premium Ratio | 34.62% | 33.93% |
| 7 | Expense of Management to Net Written Premium Ratio | 37.46% | 36.67% |
| 8 | Net Incurred Claims to Net Earned Premium | 63.00% | 68.33% |
| 9 | Claims paid to claims provisions | 26.45% | 28.35% |
| 10 | Combined Ratio | 99.36% | 104.43% |
| 11 | Investment income ratio | 6.48% | 6.48% |
| 12 | Technical Reserves to net premium ratio | 332.17% | 418.40% |
| 13 | Underwriting balance ratio | -5.98% | -10.42% |
| 14 | Operatoing Profit Ratio | 28.99% | 26.18% |
| 15 | Liquid Assets to liabilities ratio | 3.54% | 1.57% |
| 16 | Net earning ratio | 16.20% | 17.74% |
| 17 | Return on net worth ratio | 17.84% | 15.35% |
| 18 | Available Solvency Margin Ratio to Required Solvency Margin Ratio | 4.02 | 4.91 |
| 19 | NPA Ratio | | |
| | Gross NPA Ratio | NA | NA |
| | Net NPA Ratio | NA | NA |
| 20 | Debt Equity Ratio | NA | NA |
| 21 | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA |
| 22 | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA |
| 23 | Earnings per share | 17.54 | 14.35 |
| 24 | Book value per share | 98.30 | 93.51 |

BR

## सम्पादकीय

# प्याज का दामों में उछाल को देखते हुए सरकार ने अभी से कमर कसी

इस बार भी प्याज के उत्पादन में गिरावट आई है। पर त्योंहारी सीजन में प्याज के कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार ने अभी से कमर कस ली है। इसके लिए सरकार ने अभी से व्यापक उपाय करने शुरू कर दिए हैं। सरकार पांच लाख टन का बफर स्टॉक कर रही है। पिछले वित्त वर्ष में प्याज के दाम में 30 फीसदी से अधिक उछाल को देखते हुए सरकार अभी से सप्लाई की व्यवस्था बेहतर बनाने में जुट गई है। उत्पादन घटने के अनुमानों के बीच 5 लाख टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए किसानों से खरीदारी हो रही है, उत्पादन की मुख्य जगहों से दूर के इलाकों में अधिक भंडारण केंद्र तैयार किए जा रहे हैं और रेडिएशन के जरिए पहले से अधिक प्याज स्टोर करने की योजना भी है। जानकारों का मानना है कि इस बार कोशिश यह है कि उत्पादन वाले इलाकों से दूर के इलाकों में भी ज्यादा प्याज स्टोर किया जाए। इससे जरूरत के समय सप्लाई करने में आसानी होगी। ट्रांसपोर्टेशन में रेल नेटवर्क का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे त्योंहारों के सीजन में बढ़ी हुई मांग पूरी करने में ज्यादा समय न लगे और लासलगांव जैसी प्रमुख मंडी से बहुत दूर के इलाकों में कंस्यूमर के लिए भाव अधिक न उछले। इस बार किसानों से ऐसा प्याज लेने पर जोर है, जिसमें डंठल का कुछ हिस्सा भी बचा हो, क्योंकि इसे अधिक समय तक स्टोर किया जा सकता है। पिछले साल पायलट बेसिस पर महाराष्ट्र के लासलगांव में 1200 टन प्याज को रेडिएशन के बाद स्टोर किया गया था। इस बार करीब 5000 टन प्याज स्टोर किया जाएगा। प्याज को 3-4 महीने से अधिक स्टोर नहीं किया जा सकता। कोल्ड स्टोरेज के दौरान भी 25 फीसदी तक लॉस होता है। रेडिएशन प्रोसेसिंग पर लॉस घटकर 10-12 फीसदी रह जाता है। रेडिएशन वाला रबी सीजन का प्याज करीब 7 महीने तक स्टोर किया जा सकता है। रेडिएशन प्रोसेसिंग के नियम भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के साथ मिलकर तय किए गए हैं। ऐसे में लगता है कि अबकी बार प्याज की कीमतों में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। सरकार स्टॉक कर उपभोक्ताओं को राहत देने का विचार कर रही है।



पुनीत जैन

BR

## सूचना

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।**

-संपादक

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में



ललित गर्ग

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षो की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटना म का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्र याओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है।

इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है।

वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है।

आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के ब?ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रय किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये।

देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अति मण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है।

धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्रोतों को पूजा जाता है।

## कॉर्पोरेट वर्ल्ड

# सूरतवाला बिजनेस ग्रुप लिमिटेड ने घोषित किए वित्तीय परिणाम, राजस्व एवं लाभ में वृद्धि

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** पूना आधारित कंपनी सूरतवाला बिजनेस ग्रुप लिमिटेड पुणे में रियल स्टेट विकसित करने का कार्य करती है। कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 10.77 करोड़ रुपए के कुल राजस्व के मुकाबले 21.12 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1.02 करोड़ रुपए की कर पश्चात शुद्ध हानि के मुकाबले 5.58 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 62.46 करोड़ रुपए के मुकाबले 72.61 करोड़ रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया है।

31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 21.16 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 27.79 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने 1.60 रुपए का बेसिक ईपीएस अर्जित किया है।

# बावेजा स्टूडियोज ने कार्मिक फिल्म्स के सहयोग से ब्लॉकबस्टर हिट 'अरनमनई 4' की हिंदी डब रिलीज की घोषणा की

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** अरनमनई 4 के मूल तमिल संस्करण की शानदार सफलता के बाद, जिसका प्रीमियर 3 मई को हुआ था, बावेजा स्टूडियोज और कार्मिक फिल्म्स ने हिंदी में डब रिलीज की घोषणा की है। 31 मई 2024 को 'अरनमनई 4' की डब रिलीज होने वाली है। इस हॉरर-कॉमेडी ने अपनी रोमांचकारी कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और अब यह व्यापक हिंदी भाषी दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है। प्रसिद्ध सुंदर सी द्वारा निर्देशित, जो पुरुष के रूप में भी अभिनय करते हैं मुख्य भूमिका, खुशबू सुंदर और एसीएस अरुण कुमार द्वारा साजिद कुरेशी और सुशील लावानी के साथ निर्मित, 'अरनमनई 4' पूर्वी भारतीय लोककथाओं की समृद्ध टेपेस्ट्री में गहराई से उतरती है, जो खतरनाक भूत बाक के इर्द-गिर्द एक कहानी बुनती है। तमिलनाडु के कोवूर की रहस्यमयी पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक पारिवारिक माहौल में अच्छाई और बुराई की ताकतों के बीच एक रोमांचक संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के नेतृत्व में प्रभावशाली कलाकारों की टोली है, जो रोमांच और रोमांच का एक आदर्श मिश्रण सुनिश्चित करती है। ई. कृष्णासामी की सिनेमैटोग्राफी और हिप हॉप तमीज़हा का शानदार साउंडट्रैक फिल्म के भयानक माहौल को रचत हैं, जिससे हर दृश्य एक दिलचस्प अनुभव बन जाता है। 'अरनमनई 4' न केवल एक व्यावसायिक जीत रही है, जिसने दुनिया भर में 85.20 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, बल्कि यह भारतीय सिनेमा की कहानी कहने की क्षमता का एक प्रमाण भी है। जैसे ही फिल्म हिंदी में अपनी शुरुआत कर रही है, बावेजा स्टूडियोज और कार्मिक फिल्म्स पूरे भारत के दर्शकों को इस ब्लॉकबस्टर हिट के रहस्य, हास्य और उत्साह का अनुभव करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# 'एस जे लॉजिस्टिक्स (इंडिया) लिमिटेड' का वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध लाभ बढ़कर हुआ दोगुना

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** ग्राहकों को लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चैन सॉल्यूशन प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी महाराष्ट्र के थाणे आधारित 'एस जे लॉजिस्टिक्स (इंडिया) लिमिटेड' ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर दोगुना हो गया है।

कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 90.65 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 7.12 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 149.55 करोड़ रुपए के मुकाबले 273.35 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 8.26 करोड़ के कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 22.61 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

# डिबेंचर ट्रस्टी के तौर पर विभिन्न क्षेत्रों में ट्रस्टी सर्विस देने वाली कंपनी है 'बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड'

## 28 मई,2024 को खुलकर 30 मई,2024 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मुंबई आधारित 'बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड' डिबेंचर ट्रस्टी के तौर पर विभिन्न क्षेत्रों में ट्रस्टी सर्विस देने वाली कंपनी है। कंपनी द्वारा मौजूदा व्यवसाय के लिए टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना, बीकन आरटीए सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट एवं रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट की सेवाएं शुरू करने के लिए इसे पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने, नये कार्यालय परिसर की खरीद और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी के प्रोस्पेक्टस से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

**यह करती है कंपनीः** 2015 में स्थापित, बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड एक डिबेंचर ट्रस्टी है जो डिबेंचर ट्रस्टी सर्विसेज, सिक्योरिटी ट्रस्टी सर्विसेज, ट्रस्टी टू अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ), ट्रस्टी टू ईएसओपी, सिक्योरिटीजेशन ट्रस्टी, बॉन्ड ट्रस्टीशिप सर्विसेज, एस्क्रो सर्विसेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ट्रस्टी सेवाओं के साथ सुरक्षा व्यवस्था और अन्य संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ड्यू डिलिजेंस, कंस्टोडियल सेवाएं, अनुपालन निगरानी, दस्तावेजीकरण, प्रकटीकरण, रिकॉर्ड प्रतिधारण आदि सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी की सेवा सूची में शामिल हैं।

**- डिबेंचर ट्रस्टीशिपः** गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर सहित किसी भी प्रकार के डिबेंचर जारी करने में जारीकर्ता कंपनी की सहायता करना।

**-ऋण के लिए सुरक्षा ट्रस्टीः** निवेश प्रबंधक की नियुक्ति करना, लाभार्थियों के लाभ के लिए ट्रस्ट फंड रखना, सेबी के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना, खातों की किताबें बनाए रखना, संबंधित समझौतों के अनुसार निवेश और अन्य मामलों के संबंध में गोपनीयता बनाए रखना।

**-वैकल्पिक निवेश कोषः** निवेशकों के लिए समय पर घोषणाएं करना, निवेशकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करना, यह सुनिश्चित करना कि ट्रस्ट में निवेश समझौते के अनुसार किया गया है, परिसंपत्तियों का पृथक्करण और यह सुनिश्चित करना कि सभी लेनदेन का हिसाब-किताब ठीक से समझौते के अनुसार किया गया है।

**-प्रतिभूतिकरण और एस्क्रोः** यह सुनिश्चित करना कि एस्क्रो खाते से स्थानांतरण केवल निर्दिष्ट संग्रह खाते या औपचारिक समझौते में निर्दिष्ट अन्य खाते में ही किया जाता है। इस श्रेणी के अंतर्गत एस्क्रो समझौते का मसौदा तैयार करना और उसकी समीक्षा करना, एस्क्रो मैकेनिज्म स्थापित करना, दस्तावेज़ीकरण और समय पर निगरानी करना शामिल है। 30 सितंबर, 2023 तक कंपनी में 69 कर्मचारी कार्यरत थे।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शनः** वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 5.59 करोड़ रुपए का राजस्व और 95 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 10.49 करोड़ रुपए का राजस्व और 3.61 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2023 में 15.72 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 3.84 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2024 में 30 सितम्बर,2023 को समाप्त अवधि में कंपनी ने 12.26 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 4 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2024 में 30 सितम्बर,2023 तक की अवधि में कंपनी की असेट 26.05 करोड़ रुपए की असेट, नेटवर्थ 17.99 करोड़ रुपए और रिजर्व एवं सरप्लस 14.99 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 2024 में 30 सितम्बर,2023 तक की अवधि में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 32.62 फीसदी का था। कंपनी का किसी प्रकार का कर्ज नहीं है।

**आईपीओ के संबंध में जानकारीः** 'बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर 28 मई,2024 को खुलकर 30 मई,2024 को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 10 रुपए फेसवेल्यू के 54,20,000 शेयर 57 से 60 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 32.52 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। इनमें से कंपनी निवेशकों द्वारा 9.29 करोड़ रुपए ऑफर फोर सेल के माध्यम से हासिल किए जायेंगे। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 2000 शेयरों का है और आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी बीलाइन केपिटल एडवाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोटः यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**

### प्रवर्तकों का अनुभव



प्रतापसिंह इंद्रजीतसिंह नाथानी

कंपनी की कॉर्पोरेट प्रवर्तक प्रसन्ना एनालिटिक्स प्रा.लि. है। 51 वर्षीय प्रवर्तक प्रतापसिंह इंद्रजीतसिंह नाथानी कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। उनके पास गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात से कला संकाय में (अर्थशास्त्र - ऑनर्स) स्नातक की डिग्री है। उनके पास बैंकिंग और वित्तीय सेवा उद्योग में 27 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे ऋण एवं पूंजी बाजार, ऋण सिंडिकेशन और संरचित वित्त में विशेषज्ञता रखते हैं। आईटी, जनशक्ति , ट्रस्टी में विस्तार की दिशा में कंपनी की रणनीति को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अहम है। वे उत्पादों से संबंधित कंपनी के विकास के लिए संसाधन जुटाने और सक्रिय रूप से कंपनी के समग्र प्रबंधन की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार हैं।




| | |
|---|---|
| IPO Date | May 28, 2024 to May 30, 2024 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | 10 per share |
| Price Band | ₹57 to ₹60 per share |
| Lot Size | 2000 Shares |
| Total Issue Size | 5,420,000 shares (aggregating up to ₹32.52 Cr) |
| Fresh Issue | 3,872,000 shares (aggregating up to ₹23.23 Cr) |
| Offer for Sale | 1,548,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹9.29 Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| Market Maker portion | 272,000 shares |

# गेहूं खरीद पिछले साल के पार; पंजाब और हरियाणा से सबसे ज्यादा मंगाए गए अनाज

## 1 अप्रैल से 22 मई तक के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्रीय पूल में 262.9 लाख टन गेहूं खरीदा गया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 261.6 लाख टन गेहूं खरीदा गया था।

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



केंद्रीय पूल में गेहूं की खरीद पिछले साल के आंकड़े को पार कर गई है। पंजाब और हरियाणा में कुछ दिन पहले जोरदार खरीद के कारण इस सत्र में पहली बार पिछले साल से अधिक खरीदारी हुई है। 1 अप्रैल से 22 मई तक के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्रीय पूल में 262.9 लाख टन गेहूं खरीदा गया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 261.6 लाख टन गेहूं खरीदा गया था।

प्रमुख मंडियों में आवक कम होने के साथ ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि इस सीजन में कुल खरीद 270 से 290 लाख टन के बीच रह सकती है, जो पिछले साल के 261.9 लाख टन से मामूली अधिक होगी। यह वित्त वर्ष 2025 के लिए 300 से 320 लाख टन खरीद के लक्ष्य की तुलना में बहुत कम है। इसका यह भी मतलब है कि लगातार तीसरे साल केंद्रीय पूल में भारत की आधिकारिक गेहूं खरीद लक्ष्य से कम रहेगी, जिसका इस्तेमाल गरीबों को अनाज देने के लिए किया जाता है। खरीद में गिरावट की प्राथमिक वजह यह है कि किसान अपना उत्पाद ज्यादा दाम पर निजी खरीदारों को बेचना पसंद कर रहे हैं।

गेहूं का स्टॉक उम्मीद से कम रहने पर कीमत बढ़ने की स्थिति में सरकार का हाथ बंधा रह सकता है और वह बाजार में प्रभावी तरीके से हस्तक्षेप नहीं कर पाएगी। इस साल गेहूं खरीद में गिरावट की बड़ी वजह मध्य प्रदेश से कम खरीद है। मध्य प्रदेश से 80 लाख टन खरीदने का लक्ष्य था, जबकि करीब 48 लाख टन खरीदा गया है, जो पिछले साल हुई खरीद का करीब 33 प्रतिशत है। ज्यादातर कारोबारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश में गेहूं की फसल अनुमान से कम है।

# '9 फीसदी की दर से बढ़ेगा एग्रोकेमिकल, 14.5 अरब डॉलर पहुंच सकता है कृषि उद्योग का आकार'

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2025 से वित्त वर्ष 2028 के दौरान भारत के कृषि रसायन उद्योग में 9 फीसदी की चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) हासिल करने की संभावना है। जोखिम प्रबंधन और निगरानी की प्रमुख कंपनी रुबिक्स डेटा साइंसेज के मुताबिक इसे सरकार के समर्थन, उत्पादन क्षमता के विस्तार, घरेलू व निर्यात बाजार में सुधार नवोन्मेषी उत्पादों की सतत आवक से बल मिलेगा।

इस स्थिर तेज वृद्धि दर से कृषि रसायन उद्योग का आकार वित्त वर्ष 2028 तक 14.5 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है, जो अभी करीब 10.3 अरब डॉलर है। आज जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का कृषि रसायन निर्यात वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 के बीच 14 फीसदी बढ़ा है और इसकी वजह से वित्त वर्ष 2023 में यह 5.4 अरब डॉलर पर पहुंचा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह प्रभावशाली निर्यात वृद्धि आयात के बिल्कुल विपरीत है, जिसने इसी अवधि के दौरान 6 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर दर्ज किया, जिससे शुद्ध निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई।'इसमें कहा गया है कि कृषि रसायन क्षेत्र में, शाकनाशी अग्रणी निर्यात खंड के रूप में उभरे हैं, जिसमें वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक 23 प्रतिशत सीएजीआर की सबसे तेज वृद्धि देखी गई है।

इसी समय सीमा के दौरान कुल कृषि रसायन निर्यात में जड़ी-बूटियों की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत से बढ़कर 41 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कृषि रसायन निर्यात परिदृश्य से प्रमुख बाजारों में बढ़ते कंसंट्रेशन का पता चलता है। शीर्ष 5 देशों (ब्राजील, अमेरिका, वियतनाम, चीन और जापान) का अब भारत के कृषि रसायन निर्यात में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा है, जो वित्त वर्ष 2019 में 48 प्रतिशत से अधिक है। भारत का घरेलू कृषि-रसायनों का उपयोग वर्तमान में मात्र 0.6 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है जो एशियाई औसत (3.6 किलोग्राम/हेक्टेयर) की तुलना में एक अंश और वैश्विक औसत (2.4 किलोग्राम/हेक्टेयर) का मात्र एक चौथाई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह कम उपयोग आने वाले वर्षों में बाजार के विस्तार की अपार संभावनाओं को दर्शाता है, जो उद्योग के विकास के लिए उपजाऊ जमीन पेश करता है।' हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि इस क्षेत्र के लिए आगे की राह चुनौतियों से रहित नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया, 'वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं जोखिम पैदा करती हैं, साथ ही चीन जैसे स्थापित कंपनियों से प्रतिस्पर्धी दबाव भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने समीकरण को और जटिल बना दिया है, अप्रत्याशित मानसून कृषि पैटर्न और फसल की पैदावार को प्रभावित कर रहा है।

# तिब्बत के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति विश्वसनीयता दर 99.5 प्रतिशत तक पहुंची

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग, (आईएएनएस)।**

चाइना नेशनल ग्रिड कॉरपोरेशन की शाखा कंपनी, तिब्बती इलेक्ट्रिसिटी लिमिटेड कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 के अंत तक तिब्बत में लगभग 35 लाख लोगों को बिजली की आपूर्ति हुई, जिसमें ग्रामीण बिजली आपूर्ति विश्वसनीयता दर 99.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है और ग्रामीण व्यापक वोल्टेज योग्यता दर 98.93 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2023 में पूरे तिब्बत की स्थापित बिजली क्षमता 63 लाख 8 हजार 3 सौ किलोवाट तक जा पहुंची है, जिसमें जलविद्युत, फोटोवोल्टिक और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा प्रतिष्ठानों का योगदान 90 फीसदी से अधिक है। इसके अलावा, वर्ष 2023 में तिब्बत ने 2021 से 2023 तक तिब्बती बिजली ट्रांसमिशन समझौते के लक्ष्य को निर्धारित समय से चार महीने पहले पूरा किया और बिजली ट्रांसमिशन के लिए प्रांतों और शहरों की संख्या 11 से 15 तक बढ़ा दिया। साल 2023 में तिब्बती इलेक्ट्रिसिटी लिमिटेड कंपनी ने वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशिक्षण, बचाव आदि पक्षी संरक्षण कार्य करने के लिए घरेलू पेशेवर पर्यावरण संरक्षण संस्थानों और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया, जिससे ट्रांसमिशन लाइनों और पठार के प्राकृतिक वातावरण के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा दिया गया।

# 'ग्रेफाइट की लगातार बढ़ रही है मांग, श्रीलंका में खदानों के लिए भारत कर रहा है बातचीत'

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



भारत, श्रीलंका में ग्रेफाइट की खदानें हासिल करने के लिए उसके साथ बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ग्रेफाइट लिथियम-ऑयन और अन्य बैटरियों में एनोड के लिए इस्तेमाल होने वाली सबसे आम सामग्री है। इस वजह से ग्रेफाइट की मांग लगातार बढ़ रही है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार ने श्रीलंका में ग्रेफाइट खदानें हासिल करने के संबंध में वहां की सरकार के साथ चर्चा की। श्रीलंका में पाया जाने वाला ग्रेफाइट बहुत अच्छी गुणवत्ता का होता है। हालांकि, सूत्रों ने यह कहते हुए अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया कि बातचीत अभी शुरुआती चरण में है। ग्रेफाइट को सरकार ने पिछले साल 30 महत्वपूर्ण खनिजों की सूची में शामिल किया था। सरकार ने हाल ही में कहा था कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियों की सक्रिय रूप से तलाश करेंगी। इन सार्वजनिक उद्यमों की विदेशों में पहले से ही किसी न किसी प्रकार की मौजूदगी है।

विदेशों में खनिज संपत्तियों की खोज के लिए 'खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड' (काबिल) का भी गठन किया गया जो सार्वजनिक क्षेत्र के तीन उद्यमों का एक संयुक्त उद्यम है। तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण घटक हैं। पवन चक्की और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में इनका इस्तेमाल होता है।

# दो सप्ताह में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई

**बिज़नेस रेमेडीज/ काठमांडू, (आईएएनएस)।**

नेपाली पर्वतारोही पूर्णिमा श्रेष्ठ दो सप्ताह में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बन गई हैं। पूर्णिमा पहली बार 12 मई को, 19 मई को और बाद में 25 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। पूर्णिमा इससे पहले माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, ल्होत्से, धौलागिरि, माउंट के2, अन्नपूर्णा पर चढ़ाई कर चुकी हैं।


## KG PETROCHEM LIMITED

CIN : L24117RJ1980PLC001999

Regd. Office: C-171, Road No. 9J, VKI Area, Jaipur-302013, Rajasthan

E-mail: jproffice21@bhavik.biz; Website : www.kgpetro.in, Phone : 91-141-2331231

**31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाख में) प्रति शेयर आय को छोड़कर

| क्रमांक | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल परिचालन आय | 10,667.12 | 7,127.20 | 8,238.64 | 33,551.45 | 30,953.33 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के पहले) | 173.88 | 284.21 | (475.06) | 288.26 | 1,131.71 |
| 3 | अवधि के लिए कर के पहले शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के बाद) | 173.88 | 284.21 | (475.06) | 288.26 | 1,131.71 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि)(कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के बाद) | 87.17 | 224.61 | (319.45) | 98.43 | 793.01 |
| 5 | अवधि के लिए कुल आय | 338.38 | - | 2.68 | 338.38 | 2.68 |
| 6 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय, कर का शुद्ध | 425.55 | 224.61 | (316.77) | 431.81 | 795.69 |
| 7 | समता अंश पूंजी | 581.53 | 581.53 | 581.53 | 581.53 | 581.53 |
| 8 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | - | 12,475.95 | 12,314.89 |
| 9 | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) मूल एवं तरल | 1.67 | 4.30 | (6.12) | 1.79 | 15.19 |

नोट: 1. 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और 24 मई, 2024 को आयोजित बोर्ड बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है और कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने ऑडिट किया है। 2. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (इंड एएस) के अनुसार तैयार किया गया है, जो इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों और भारत एक्सचेंज यानी www में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा जाता है। bseindia.com कंपनी की वेबसाइट यानी www.kgpetro.in पर। 3. खंड रिपोर्टिंग पर भारतीय लेखा मानक (इंड एएस-108) के अनुरूप खंडों की पहचान की गई है। 4. चालू वर्ष और पिछले वर्ष की अंतिम तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और चालू वर्ष और पिछले वर्ष के वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष से अब तक अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं जो थे सीमित समीक्षा के अधीन। 5. पिछली अवधि/वर्ष के आंकड़ों को तुलनीय बनाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनर्वर्गीकृत/पुनः व्यवस्थित/पुनः समूहित किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते के जी पेट्रोकेम लिमिटेड
हस्ताक्षर /-
गौरी शंकर कंदोई
अध्यक्ष सह पूर्णकालिक निदेशक
DIN: 00120330

स्थान: जयपुर
दिनांक: 24/05/2025


# कृष और भूमि नाम से दो एआई एंकर 26 मई को लॉन्च करेगा डीडी किसान

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली (आईएएनएस)।**

दूरदर्शन किसान अपने 9 साल पूरे होने पर 26 मई (रविवार) को एआई कृष और एआई भूमि नाम से दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर लॉन्च करेगा।

डीडी किसान दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर - एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने वाला पहला सरकारी टीवी चैनल बन जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि एआई एंकर एक कंप्यूटर है, जो इंसान की तरह काम कर सकता है। उनके पास 50 अलग-अलग भाषाओं में बोलने की क्षमता है और वह 24 घंटे और 365 दिन बिना रुके समाचार पढ़ सकता है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर देश और दुनिया में कृषि अनुसंधान के बारे में लोगों को नई जानकारी उपलब्ध कराएगा। वह मंडियों के रुझानों, मौसम संबंधी अपडेट के साथ लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी देगा। डीडी किसान चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को किसानों को मौसम, वैश्विक और स्थानीय बाजारों आदि में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी देने के लिए की गई थी ताकि किसान कोई भी जरूरी कदम उठाने से पहले अच्छी तरह से उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सही निर्णय ले सके। मंत्रालय ने कहा कि डीडी किसान चैनल देश में कृषि और ग्रामीण समुदाय की सेवा करने और उन्हें शिक्षित करने के साथ प्रगतिशील किसानों के प्रयासों को सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए भी काम कर रहा है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चैनल कृषि की त्रि-आयामी अवधारणा को मजबूत कर रहा है जिसमें संतुलित खेती, पशुपालन और पौधारोपण शामिल है। दूरदर्शन किसान एक भारतीय कृषि संबंधित जानकारी देने वाला टेलीविजन चैनल है, जिसे 24 घंटे प्रसारित किया जाता है। इस नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर तकनीक से नए आयाम खुलेंगे। इसका लाभ कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों के किसानों को मिल सकेगा।

# प्रोजेक्ट स्वयं: वालचंद प्लस हरित क्षेत्र में अस्थायी भविष्य के लिए युवाओं को बनाना सशक्त

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**



एक स्थायी भविष्य की दिशा में एक साहसिक कदम उठाते हुए, बाहुबली गुलाबचंद फाउंडेशन, वालचंद प्लस के साथ साझेदारी में, 'प्रोजेक्ट स्वयं' की शुरुआती सफलता का जश्न मनाता है - जो एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य भारत के उभरते हरित ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक कुशल युवा कार्यबल तैयार करना है।

युवा लोगों को हरित कौशल और जागरूकता से सशक्त बनाकर, वालचंद फाउंडेशन पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यक्तियों को विकसित करने का प्रयास करता है जो पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान विकसित कर सकते हैं। यह पहल सक्रिय रूप से भविष्य के नेताओं को आकार देती है और हमें एक स्थायी भविष्य की ओर ले जाती है। प्रोजेक्ट स्वयं पहल के तहत, देश के विभिन्न कोनों से 710 प्रेरित व्यक्तियों ने विशेष प्रशिक्षण पूरा किया है, जो उन्हें सौर प्रौद्योगिकी और उससे आगे के क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार करता है। बैंगलोर की व्यस्त सड़कों से लेकर नंदुरबार के शांत परिदृश्यों तक, इन लाभार्थियों ने हरित नवाचार की दिशा में यात्रा को अपनाया है।

वालचंद पीपलफर्स्ट लिमिटेड और डेल कार्नेगी ट्रेनिंग इंडिया। की एमडी और अध्यक्ष पल्लवी झा ने कहा कि यह परियोजना सिर्फ शिक्षा के बारे में नहीं है; यह सशक्तिकरण के बारे में है। 'हम अपने युवाओं को ऐसे उपकरण प्रदान कर रहे हैं जिनकी उन्हें ऐसे उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यकता है जो एक स्थायी भविष्य की कुंजी है। यह पहल मानव पूंजी में निवेश के महत्व को रेखांकित करती है। प्रतिभा को पोषित करके और नवाचार को बढ़ावा देकर, प्रोजेक्ट स्वयं एक हरित, अधिक समृद्ध भारत के लिए आधार तैयार कर रहा है।' डासना से उभर रही परिवर्तन की कहानियों में स्पष्ट है। गाजियाबाद , शिव विहार नई दिल्ली, बैंगलोर, चित्रदुर्ग, कोलार, बेलगाम, मुंबई, नासिक, पालघर, नंदुरबार, नांदेड़, पुणे और सोलापुर - अवसर और दृढ़ संकल्प की शक्ति का एक प्रमाण।

240 घंटों के गहन प्रशिक्षण, सोलर पीवी इंस्टॉलेशन और असेंबली पर केंद्रित गहन प्रशिक्षण के माध्यम से , प्रतिभागियों ने न केवल तकनीकी दक्षता हासिल की है, बल्कि अपने पेशेवर सफर के लिए आवश्यक जीवन कौशल भी हासिल किए हैं। प्रोजेक्ट स्वयं का प्रभाव कौशल विकास से आगे बढ़कर सतत विकास और समावेशी समृद्धि के व्यापक मिशन से जुड़ता है। जैसे-जैसे चरण 2 आगे बढ़ता है, परियोजना नई ऊंचाइयों तक पहुंचने, अधिक युवाओं को सशक्त बनाने और सकारात्मक बदलाव को उत्प्रेरित करने की कल्पना करती है। प्रोजेक्ट स्वयं नवाचार और सहयोग की भावना का प्रतीक है - जहां साझेदारी प्रगति को बढ़ावा देती है और परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। हम सब मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहां हरा रंग सिर्फ एक रंग नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता है।


## MEHAI TECHNOLOGY LIMITED

(CIN : L74110RJ2013PLC066946)

Reg. Office: B-40, Sudarshanpura Industrial Area, Jaipur - 302006.

Corporate Office : Unit No. 708, 7th Floor, ECO Centre, Block-EM-4 Sector-V, Salt Lake Kolkata 700091 WB IN

Phone: 91-9836000343 E-mail: cs@mehai.co.in website: www.mehaitech.co.in

Rs. (In Lakh)

**EXTRACT OF AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2024**

| | PARTICULARS | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Audited Quarter ended March 31, 2024 | Un-Audited Quarter ended December 31, 2023 | Audited Quarter ended March 31, 2023 | Audited Year Ended March 31, 2024 | Audited Year Ended March 31, 2023 | Audited Quarter ended March 31, 2024 | Un-Audited Quarter ended December 31, 2023 | Audited Quarter ended March 31, 2023 | Audited Year Ended March 31, 2024 | Audited Year Ended March 31, 2023 |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 551.82 | 494.98 | 453.25 | 1,608.97 | 816.88 | 441.71 | 497.04 | 453.25 | 1500.92 | 889.07 |
| 2 | Profit/(Loss) before Exceptional Items & Extraordinary items and tax | 25.60 | 32.15 | 64.98 | 108.48 | 86.28 | 41.88 | 7.82 | 65.21 | 100.43 | 88.58 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinery Items | 25.60 | 32.15 | 64.98 | 108.48 | 86.28 | 41.88 | 7.82 | 65.21 | 100.43 | 88.58 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for from Ordinary Activities after tax | 4.46 | 23.79 | 33.87 | 65.79 | 49.74 | 20.74 | -0.54 | 34.04 | 57.74 | 51.44 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period | 4.46 | 23.79 | 33.87 | 65.79 | 49.74 | 20.74 | -0.54 | 34.04 | 57.74 | 51.44 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Rs. 10/- per share) | 1,961.00 | 1,714.00 | 1,071.00 | 1,961.00 | 1,071.00 | 1961.00 | 1714.00 | 1071.00 | 1961.00 | 1071.00 |
| 7 | Earnings per Share (a) Basic | 0.02 | 0.18 | 0.32 | 0.49 | 0.46 | 0.05 | - | 0.32 | 0.43 | 0.48 |
| | b) Diluted | 0.02 | 0.09 | 0.32 | 0.28 | 0.46 | 0.03 | - | 0.32 | 0.25 | 0.48 |

Note:

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full formal of the Financial Results is available on the Stock Exchanges Website (www,bseindia.com) and on Company's website (www.mehaitech.co.in).

2. The said Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 24.05.2024

For Mehai Technology Limited
SD/-
Managing Director

Place: Kolkata
Date: 24.05.2024

# चीन से आयात किए जाने वाले सैकड़ों वस्तुओं पर अमेरिका ने लगाई पाबंदी

**बिज़नेस रेमेडीज/ वाशिंगटन/आईएएनएस**



चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने व स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका ने चीन से आयात किए जाने वाले सैकड़ों वस्तुओं पर पाबंदी लगा दी या टैक्स बढ़ा दिया।

अब, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 429 उत्पादों में से लगभग आधे पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू किया था। उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 का हवाला देते हुए 300 अरब डॉलर से अधिक के चीनी सामानों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था। कुछ उद्योगों में कंपनियों को राहत देने के लिए, ट्रम्प ने कुछ उत्पादों के लिए टैक्स में छूट भी दी थी। पिछले हफ्ते, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर टैक्स को चार गुना करने और सौर कोशिकाओं, अर्धचालक और अन्य कई सामानों पर टैक्स बढ़ाने की घोषणा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने व्यापार प्रतिनिधि को चीन से 18 अरब डॉलर के आयात पर व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत टैक्स बढ़ाने का निर्देश दिया। अमेरिकी सरकार द्वारा चीन के सामानों पर पाबंदी लगाए जाने व टैक्स में बढ़ोत्तरी किए जाने के बाद अब दोनों देशों के बीच व्यापार संघर्ष बढ़ने की आशंका है। अमेरकी कदम के बाद अब चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है और अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर जहां पाबंदी लगा सकता है, वहीं टैक्स में भी वृद्धि कर सकता है। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों के और कटु होने की आशंका है।

# 'रूस के पर्यटकों के प्रवेश पर नॉर्वे इसी माह 29 मई से लगायेगा प्रतिबंध'

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**

नाटो द्वारा यूक्रेन को रूस के खिलाफ हथियार इस्तेमाल करने की हरी झंडी देने के बीच नार्वे ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़ा झटका दे दिया है। यूक्रेन में चल रहे युद्ध के जवाब में नॉर्वे ने कहा है कि वह लगभग सभी रूसी पर्यटकों के देश में प्रवेश पर इसी माह के अंत तक प्रतिबंध लगा देगा।

नॉर्वे के न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री ने कहा है कि देश में 'प्रवेश नियमों को कड़ा करने का निर्णय यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रामक युद्ध के खिलाफ प्रतिक्रियाओं में सहयोगियों और भागीदारों के साथ खड़े होने के नॉर्वेजियन दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि केवल कुछ मामलों में रूसी नागरिकोंको यात्रा की इजाजत दी जाएगी जैसे नॉर्वे में रहने वाले करीबी परिवार के सदस्यों से मुलाकात या नॉर्वे में काम करने वाले या अध्ययन करने वालों को नॉर्वे में आने की मंजूरी होगी। नॉर्डिक देश के न्याय मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण वे रूसी पर्यटक यात्रियों के लिए प्रवेश पर और अधिक अंकुश लगाएंगे, जिससे 29 मई से लगभग सभी प्रवेश बंद हो जाएंगे। रूस ने फैसले को 'विशुद्ध रूप से भेदभावपूर्ण' बताया और कहा कि वह इसका कड़ा जवाब देगा। नॉर्वे, एक नाटो सदस्य, जो आर्कटिक में रूस के साथ लगभग 200 किमी (124 मील) की सीमा साझा करता है, ने रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के तुरंत बाद पहली बार 2022 में रूसी पर्यटक वीजा पर प्रतिबंध लगाया था। न्याय मंत्री एमिली एंगर मेहल ने एक बयान में कहा कोई भी रूसी नागरिक जिसका उद्देश्य पर्यटन और अन्य गैर-आवश्यक यात्रा है, उसे सीमा पर वापस कर दिया जाएगा।

# चीन के नव पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारे का रसद नेटवर्क विश्व में 514 बंदरगाहों तक फैला

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग,(आईएएनएस)।**

छठा पश्चिमी चीन अंतर्राष्ट्रीय निवेश और व्यापार मेला 23 से 26 मई तक दक्षिण-पश्चिम चीन के छोंगछिंग शहर में आयोजित किया जा रहा है।

मेले से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में नव पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारे के रसद नेटवर्क ने दुनिया भर के 123 देशों और क्षेत्रों में 514 बंदरगाहों को कवर किया है। नव पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारा चीन के पश्चिमी प्रांतों और आसियान देशों द्वारा संयुक्त रूप से बनाया गया एक नया अंतरराष्ट्रीय भूमि-समुद्र व्यापार गलियारा है, जिसका संचालन केंद्र छोंगछिंग शहर है। इस गलियारे में चीन के पश्चिमी प्रांतों, स्वायत्त प्रदेशों और शहरों की वस्तुओं को रेलवे, राजमार्ग और समुद्री परिवहन के माध्यम से दक्षिण की ओर क्वांगशी च्वांग जातीय स्वायत्त प्रदेश और युन्नान प्रांत आदि समुद्री या सीमांत बंदरगाहों से गुजर कर दुनिया भर के विभिन्न स्थलों तक पहुंचाया जाता है। चीन के पूर्वी क्षेत्र के समुद्री परिवहन की तुलना में इस गलियारे से आवश्यक समय काफी कम हो जाता है। बताया गया है कि इस वर्ष की पहली तिमाही में नव पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारे के तहत रेलवे, राजमार्ग और समुद्र के माध्यम से कुल 16,900 टीईयू का परिवहन किया गया, जिसमें साल 2023 की पहली तिमाही की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मालों का मूल्य 18 अरब 71 करोड़ 20 लाख युआन था, जो गत वर्ष की समान अवधि से 27 फीसदी अधिक था। उल्लेखनीय बात यह है कि नव पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारे की समग्र योजना के कार्यान्वयन के बाद से पिछले पांच वर्षों में, इस गलियारे में रेलवे और समुद्र संयुक्त परिवहन वाली मालगाड़ियों की संख्या साल 2019 की 900 से अधिक बढ़कर साल 2023 की 9,000 से अधिक हो गई है। सामानों की श्रेणियां भी शुरुआती दर्जनों प्रकारों जैसे सिरेमिक उत्पाद और प्लेट्स से लेकर वर्तमान 1,000 से अधिक प्रकारों के ऑटो कलपुर्जे, नई ऊर्जा सामग्री आदि तक बढ़ गई हैं।

# यूएनएससी में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है आगे : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी की बात आती है तो उन्हें लगता है कि चीजें ''सकारात्मक दिशा'' में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के कई चेहरे और अभिव्यक्ति होंगी और यूएनएससी 'उनमें से एक' होगी। दिल्ली में 'पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (पीएचडीसीसीआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने उद्घाटन भाषण में जयशंकर ने कहा कि लोगों की पसंद यह है कि क्या 'भारत की गाड़ी' को चौथे गियर पर जाना चाहिए, पांचवें गियर पर या फिर इसे रिवर्स गियर पर जाना चाहिए।

अपने संबोधन में, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत और नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोविड-19 महामारी के समय स्थिति को कैसे संभाला। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री, उस समय की सरकार ने चुनौती के बारे में 'गंभीर, शांत दृष्टिकोण' अपनाया। जयशंकर ने चार साल पहले शुरू हुई पूर्वी लद्दाख की स्थिति और भारत ने जिस तरह से इस पर प्रतिक्रिया दी, उसका उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि एक बात है जो लोग अक्सर उनसे कहते हैं, 'सरकारें बदलती हैं लेकिन विदेश नीति नहीं बदलती'। उन्होंने कहा, कि यह बात सभी विदेश मंत्रियों को सुननी होगी। यह ऐसा है जैसे हम गिनती नहीं करते।

हम इसे 'ऑटो-पायलट' पर कर रहे हैं। और, मैं लोगों से कहता हूंज्यह वास्तव में सच नहीं है। उन्होंने कहा कि मुंबई में 26/11 (आतंकवादी हमले) पर हमारी प्रतिक्रिया देखें और उरी और बालाकोट पर हमारी प्रतिक्रिया देखें। मंत्री ने कहा कि उरी और बालाकोट का उद्देश्य इस बात को प्रदर्शित करना था कि नहीं, ऐसे जीवन नहीं चलेगा और इसकी कीमत चुकानी होगी। संवाद सत्र के दौरान जयशंकर से यूएनएससी में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी के बारे में भी पूछा गया। उन्होंने कहा, कि मेरा मानना है कि चीजें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे लोग होंगे जो इसका विरोध करेंगे। क्योंकि हर कोई प्रतिस्पर्धा करता है, कोई नहीं चाहता कि कोई और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर आप मुझसे पूछें कि यह किस दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो मुझे लगता है कि यह सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है, मुझे लगता है कि आज अधिक से अधिक देश यह मानते हैं कि भारत के पास कितना मजबूत मामला है और अधिक से अधिक देश इस बात को भी स्वीकार करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में ही सुधार की जरूरत है।



# सेमिनार के दौरान इनकम टैक्स, जीएसटी, और कंपनी अधिनियम पर गहन चर्चा

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा द्वारा सदस्यों के लिए सम्पूर्ण व्यापार समाधानः इनकम टैक्स, जीएसटी और कंपनी अधिनियम पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जयपुर शाखा में किया गया।

सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा इस सेमिनार के मुख्य अतिथि रहे, उन्होंने बताया की यह सेमिनार सीए सदस्यो की पेशेवर दक्षता को बढ़ाने, उनके व्यापारिक निर्णयों को सुदृढ़ करने, और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगी। रीजनल कॉउन्सिल मेंबर सीए अनिल यादव ने जयपुर शाखा को इस सफल सेमिनार के लिए बधाई प्रेषित की और कहा की इस तरह के विषयो पर सीए सदस्यो के लिए ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन लगातार होना चाहिये ।

जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया की इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य सीए सदस्यों को नवीनतम कानूनी और कर संशोधनों के बारे में बेहतर जानकारी प्रदान करना है। इस सेमिनार के माध्यम से सीए सदस्य आयकर अधिनियम में ट्रस्ट पर प्रावधानों, जीएसटी नोटिस में रीसेंट मामले का दायित्व और कंपनी अधिनियम में हुए हालिया परिवर्तनों और उनके अनुपालन की प्रक्रियाओं को गहराई से समझ सकें। सेमिनार का लक्ष्य व्यावहारिक अनुपालन को सरल बनाना, कर और कानूनी नीतियों की व्याख्या करना, और कर बचत एवं योजना बनाने की रणनीतियों पर जोर देना था।




प्रथम सत्र के वक्ता सीए नरेश काबरा ने 'चैरिटेबल ट्रस्ट अनवील्ड-: प्रमुख मुद्दों और अनुसरण किए जाने वाले तत्काल अनुपालनों÷ पर अपना व्याख्यान दिया । इस सत्र में उन्होंने चैरिटेबल ट्रस्ट के गठन, संचालन और प्रबंधन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की तथा साथ ही चैरिटेबल ट्रस्ट के कानूनी ढांचे, कर लाभ, और अनुपालन आवश्यकताओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। ऑडिट रिपोर्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिससे ट्रस्ट के प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

दूसरे सत्र के वक्ता सीए विक्रम सर्राफ ने 'कंपनी अधिनियम के तहत वित्तीय विवरणों की तैयारी' पर अपना उदबोधन दिया। उन्होंने बताया की इस सत्र का उद्देश्य सी ए सदस्यो को वित्तीय रिपोर्टिंग की जटिलताओं को समझाना और कंपनी अधिनियम के तहत उनके दायित्वों का पालन करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने कंपनी अधिनियम के तहत वित्तीय विवरणों की तैयारी की प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की साथ ही वित्तीय विवरणों के विभिन्न घटकों, जैसे बैलेंस शीट, लाभ-हानि खाता, और नकदी प्रवाह विवरण, के बारे में विस्तार से बताया और उनके निर्माण में ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया।

अन्य वक्ता सीए राहुल लखवानी ने 'जीएसटीः महत्वपूर्ण न्यायालय के निर्णय जो जीएसटी विभाग के नोटिसों के आकलन में सहायक हैं' पर चर्चा की। उन्होंने बताया की इस सत्र का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को कोर्ट के निर्णयों की व्यावहारिक समझ प्रदान करना और उन्हें जीएसटी विभाग के नोटिसों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सशक्त बनाना था। उन्होंने जीएसटी कानून की व्याख्या और अनुपालन में महत्वपूर्ण निर्णयों के प्रभाव और उनके अनुपालन में ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी स्पष्ट किया साथ ही कानूनी दृष्टिकोण से नोटिसों के उत्तर देने और संभावित विवादों को निपटाने की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। अंत में एक सवाल जवाब का सत्र रखा गया, जिसमे प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नो का समाधान उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिससे यह सेमिनार जानकारी पूर्ण और उपयोगी सिद्ध हुई।

# केकेआर ने एआई हेल्थकेयर फर्म इन्फिनक्स में 150 मिलियन डॉलर का निवेश किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ मुंबई,(आईएएनएस)**

वैश्विक निवेश फर्म केकेआर की ओर से पुष्टि की गई कि उसने एआई आधारित हेल्थकेयर रेवेन्यू सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी इन्फिनक्स में निवेश किया है। हालांकि, फर्म ने निवेश की राशि के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन्फिनक्स की ओर से करीब 150 मिलियन डॉलर का निवेश जुटाया गया है। अपने बयान में केकेआर ने कहा इस निवेश के जरिए इन्फिनक्स, ग्लोबल हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में हमारे वर्षों के अनुभव का फायदा उठा पाएंगी। इससे कंपनी को वृद्धि हासिल करने व नेटवर्क बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कंपनी में मौजूदा शेयर धारक नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर की ओर से भी इस फंडिंग राउंड में निवेश किया गया है। केकेआर के इंडिया प्राइवेट इक्विटी हेड और पार्टनर, अक्षय टन्ना ने कहा कि मजबूत प्रबंधन टीम और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाताओं को लचीले एवं तकनीक सक्षम पेशकश करने वाली कंपनी इन्फिनक्स में निवेश कर हमें खुशी हो रही है। इन्फिनक्स की स्थापना 2012 में संदीप टंडन और जयदीप टंडन की ओर से की गई थी। यह कंपनी हेल्थकेयर सेक्टर की कंपनियों को इनोवेटिव और डेटा आधारित रेवेन्यू साइकिल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। कंपनी का फोकस अमेरिकी बाजार पर है। इन्फिनक्स के सीईओ जयदीप टंडन ने कहा कि केकेआर का सहयोग, नेटवर्क और विशेषज्ञता मिलने के कारण हमारे लिए विकास के अवसर बढ़ेंगे।

# टेक कारोबारी चोको वल्लियप्पा को ग्लोबल आउटसोर्सिंग सम्मान मिला

**बिज़नेस रेमेडीज/ बेंगलुरु,(आईएएनएस)**

न्यूयॉर्क और बेंगलुरु के सह-मुख्यालय वाली टेक और आईटी सर्विसेज कंपनी वी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और एमडी, चोको वल्लियप्पा को 'आईएओपी लीडरशीप हॉल ऑफ फेम1 सम्मान दिया गया है। यह सम्मान इससे पहले एन.आर. नारायण मूर्ति, नंदन नीलेकणि, देवांग मेहता, रमन रॉय और टाइगर त्यागराजन जैसे भारतीय आईटी दिग्गजों को दिया जा चुका है।

डेबी हैमिल, आईएओपी के सीईओ की ओर से एक बयान में कहा गया कि आईएओपी, जो कि बिजनेस को दिशा देने वाली एक वैश्विक संस्था है, मानती है कि वल्लियप्पा का आउटसोर्सिंग इंडस्ट्री की दिशा एवं भविष्य तय करने एवं उच्च मापदंड तय करने में काफी योगदान है। वल्लियप्पा की ओर से इस दौरान शनिवार को कहा गया कि 'आईएओपी लीडरशीप हॉल ऑफ फेम' ने मुझे विनम्र बना दिया है। इसने मुझे आउटसोर्सिंग उद्योग के कुछ दिग्गजों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। साथ ही यह सोना ग्रुप के वी टेक्नोलॉजीज और वी हेल्थटीक में काम कर रहे 15,000 पेशेवरों के मजबूत इरादों को दर्शाता है।

जानकारी के अनुसार वल्लियप्पा को यह अवॉर्ड आईएओपी के चीफ एडवाइजर मार्क वोयटेक की ओर से दिया जाएगा। वल्लियप्पा, तमिलनाडु के सोना कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के वाइस चेयरमैन भी हैं। इसी कॉलेज की ओर से इसरो के स्पेस मिशन के लिए स्टेपर मोटर्स उपलब्ध कराए गए हैं। वल्लियप्पा ने आगे कहा कि यह सम्मान मुझे वर्क, क्लासरूम, रिसर्च लैब और समुदाय में समान अवसर प्रदान कर बड़ी चुनौतियों का समाधान करने और इनोवेशन करने के लिए सोना ग्रुप से जुड़े लीडर्स, शिक्षाविदों और युवा शिक्षार्थियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने की प्रेरणा देता है।

# कमल किशोर का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकाल शुरू

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**



आपदा एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन से जुड़े शीर्ष भारतीय अधिकारी कमल किशोर ने संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंतोनियो गुतारेस के विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की है।

गुतारेस ने किशोर को अपना विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) एवं संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम उपशमन कार्यालय (यूएनडीआरआर) का प्रमुख नियुक्त किया था। किशोर इससे पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से संबद्ध थे। अब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम उपशमन कार्यालय में जापान की मामी मिजूटोरी की जगह ली है। यूएनडीआरआर ने 20 मई को किशोर के आगमन का स्वागत किया जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) (एसआरएसजी) तथा यूएनडीआरआर के प्रमुख के तौर पर अपना कार्यकाल प्रारंभ किया। कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

किशोर ने कहा कि यूएनडीआरआर बढ़ती आशंकाओं के आलोक में आपदा जोखिमों को कम करने के वैश्विक प्रयास को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । उन्होंने कहा कि वह अबतक हुई प्रगति को आगे ले जाने के लिए आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि यूएनडीआरआर की महत्वाकांक्षा इस समस्या के पैमाने से मेल खाती है। उन्होंने पूर्व एसआरएसजी मिजूटोरी के नेतृत्व की सराहना की तथा यूएनडीआरआर के निदेशक पाओलो अल्टब्रिटो को उनके आगमन से पूर्व कार्यवाहक एसआरएसजी के रूप में सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया। किशोर 2015 से भारत के राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्होंने जी 20 की भारत द्वारा अध्यक्षता संभालने के दौरान आपदा जोखिम उपशमन पर जी 20 कार्यबल की अध्यक्षता की थी। एनडीएमए से जुड़ने से पहले किशोर ने जिनेवा, नयी दिल्ली और न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) में करीब 13 साल गुजारे थे। इस दौरान उन्होंने संपोषणीय विकास लक्ष्यों में आपदा लचीलापन विषयों के समावेशन की खातिर तथा यूएनडीपी कार्यक्रम वाले देशों के वास्ते आपदा जोखिम उपशमन की वैश्विक टीम के लिए अंतरराष्टीय मुहिम की अगुवाई की थी। किशोर ने थाईलैंड के बैंकॉक स्थित 'एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी' से शहरी नियोजन, भू एवं आवास विकास में स्नातोकोत्तर (विज्ञान) किया है । उन्होंने रूड़की के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से वास्तुकला इंजीनियरिंग में स्नातक किया था।और ये भी पढ़े

## JOB ALERT

**Uday waldorf inspired school,Jaipur, Rajasthan**
Primary Teacher (Female),Hiring multiple candidates,15,000 - 20,000 a month,Full-time,Day shift,Easily apply The suitable candidate must be proficient and fluent in English*.,Good Subject Knowledge in History, Geography or Hindi.,Fluent and Proficient in English.,EmployerActive 3 days ago

**Uday waldorf inspired school,Jaipur, Rajasthan**
Primary Teacher,The suitable candidate must be proficient and fluent in English*.,Good Subject Knowledge in Science, Social Science, Maths, English.,EmployerActive 3 days ago·More...,

**TRM Public school churu,Churu, Rajasthan**
Urgent Requirements for session 2024-2025,15,000 -25,000 a month,Full-time,Day shift,Easily apply,English Spoken, PRT Science, PRT SST, PRT English Activity In charge, Skill development teacher and in non teaching staff Three candidates for hostel ( Cook-02,...,PostedPosted 1 day ago·More...

**Kindersley School,Mandi, Jaipur, Rajasthan**
Primary Teacher,11,000 - 18,000 a month,Full-time,Morning shift,Easily apply,Checking pupils' work and providing feedback.,EmployerActive 3 days ago·More...,

**INDIA INFORMATICS,1.3,Basni, Jodhpur, Rajasthan**
Affiliate marketing,New,Hiring multiple candidates,25,000 - 50,000 a month,Full-time,+2,Day shift,+1,Easily apply,Competitive Benchmarking: Conduct regular competitive analysis to benchmark our affiliate program against industry standards.,Total work: 2 years (Preferred).,EmployerActive 2 days ago

**Euro,Sikar, Rajasthan**
Pre-Primary Teacher,15,000 - 20,000 a month,Full-time,Easily apply,Develop and implement age-appropriate lesson plans and activities that promote the overall development of children in the pre-primary age group.

**INDIA INFORMATICS,1.3,Basni, Jodhpur, Rajasthan**
Video Editor Jodhpur/Jaipur,New,Hiring multiple candidates,15,000 - 50,000 a month,Full-time,+2,Day shift,+1 Easily apply,Your work will contribute significantly to the overall quality and impact of our videos, whether they are for marketing, entertainment, educational, or...,EmployerActive 2 days ago

**Source : https://www.indeed.co.in/jobs-in-Rajasthan**

सभी जानकारियां मात्र सूचना के लिए हैं वास्तविक जानकारी मूल स्त्रोत से प्राप्त करें। बिजनेस रेमेडीज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

## TENDER'S IN RAJASTHAN

-Source-
https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app

| S.N. | e-Published Date | Bid Submission Closing Date | Tender Opening Date | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25-05-2024 18:00 | 24-06-2024 18:00 | 25-06-2024 11:30 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Bikaner\|\|SE, Cr.Bikaner |
| 2 | 25-05-2024 14:00 | 05-06-2024 11:00 | 05-06-2024 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 3 | 25-05-2024 13:00 | 28-05-2024 18:00 | 29-05-2024 15:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-JAISALMER\|\|EE-II-JAISALMER |
| 4 | 25-05-2024 09:30 | 06-06-2024 11:30 | 06-06-2024 12:00 | RAJASTHAN STATE HIGHWAYS AUTHORITY |
| 5 | 25-05-2024 09:00 | 05-06-2024 18:00 | 06-06-2024 16:00 | PHED - C.E. (Project),Jodhpur\|\|ACE Region ,Jodhpur\|\|SE Distt. Cr.Jodhpur\|\|EE,Distt Rural Dn-II Jodhpur |
| 6 | 25-05-2024 09:00 | 05-06-2024 18:00 | 06-06-2024 16:00 | PHED - C.E. (Project),Jodhpur\|\|ACE Region ,Jodhpur\|\|SE Distt. Cr.Jodhpur\|\|EE,Distt Rural Dn-II Jodhpur |
| 7 | 25-05-2024 09:00 | 05-06-2024 18:00 | 06-06-2024 16:00 | PHED - C.E. (Project),Jodhpur\|\|ACE Region ,Jodhpur\|\|SE Distt. Cr.Jodhpur\|\|EE,Distt Rural Dn-II Jodhpur |
| 8 | 25-05-2024 09:00 | 05-06-2024 18:00 | 06-06-2024 16:00 | PHED - C.E. (Project),Jodhpur\|\|ACE Region ,Jodhpur\|\|SE Distt. Cr.Jodhpur\|\|EE,Distt Rural Dn-II Jodhpur |
| 9 | 25-05-2024 09:00 | 03-06-2024 18:00 | 04-06-2024 15:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Udaipur |
| 10 | 25-05-2024 09:00 | 28-05-2024 13:00 | 28-05-2024 17:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 11 | 25-05-2024 09:00 | 28-05-2024 13:00 | 28-05-2024 17:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 12 | 25-05-2024 09:00 | 28-05-2024 13:00 | 28-05-2024 17:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 13 | 24-05-2024 18:40 | 30-05-2024 18:00 | 31-05-2024 11:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 14 | 24-05-2024 18:40 | 30-05-2024 18:00 | 31-05-2024 11:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 15 | 24-05-2024 18:30 | 30-05-2024 18:00 | 31-05-2024 11:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 16 | 24-05-2024 18:30 | 30-05-2024 18:00 | 31-05-2024 11:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - JODHPUR\|\|SE-ELECT-JODHPUR\|\|EE-II-JODHPUR |
| 17 | 24-05-2024 17:40 | 29-05-2024 18:00 | 30-05-2024 12:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - KOTA\|\|SE-ELECT-KOTA\|\|EE-ELECT-KOTA |
| 18 | 24-05-2024 17:00 | 13-06-2024 14:00 | 13-06-2024 15:30 | PHED - C.E. (Project),Jodhpur\|\|ACE Region ,Jodhpur\|\|SE Cr.Pali\|\|EE, Dn.Sojat City |

# एडवेंचर के साथ बर्फबारी का लुत्फ लेने के लिए साच पास खूबसूरत जगह

**हिमाचल प्रदेश**



बर्फ किसे अच्छी नहीं लगती। हर व्यक्ति यही चाहता है कि पहाड़ों पर घूमने जाएं और बर्फबारी का दीदार हो जाए। खासकर मैदानी इलाकों के लोगों में बर्फ देखने की चाहत ज्यादा होती है। आमतौर पर बर्फबारी का दीदार भरी सर्दी में ही हो पाता है, लेकिन देश के कुछ ऊंचाई वाली जगहों पर पूरे सालभर बर्फ की चादर बिछी रहती है। इन स्थानों पर भरी गर्मी में भी बर्फ का लुत्फ उठाया जा सकता है।

### रोहतांग से खूबसूरत है साच पास

जानकारी के अनुसार अपनी खूबसूरती और रोमांच के कारण ये टूरिस्ट्स की पसंदीदा जगहों में से एक है। साच पास रोहतांग दर्रा से भी खूबसूरत है। जून-जुलाई के महीने में भी साच पास में बर्फ की मोटी चादर देखी जा सकती है। गर्मियों में भी यहां बर्फ की ऊंचाई करीब 10 से 15 फीट तक होती है। जहां बर्फबारी का जमकर आनंद उठा सकते हैं। जून-जुलाई में यहां का तापमान भी जीरो डिग्री से नीचे रहता है। साच पास से होते हुए पांगी घाटी पहुंचकर वहां के खूबसूरत नजारों को बखूबी निहारा जा सकता है।

### हर मोड़ पर रोमांच

साच दर्रा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के चुराह व पांगी उपमंडलों को आपस में जोड़ता है। साच पास 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसका सफर काफी रोमांच से भरा हुआ है। जैसे-जैसे सतरूंडी से आगे ऊंचाई पर चढ़ते जाते हैं, वैसे-वैसे हर मोड़ पर नया रोमांच देखने को मिलता है। कई जगहों पर जहां खड़ी चढ़ाई का सामना होता है, तो कुछ जगह कल-कल बहते झरनों के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे ही कई दूसरे एक्सपीरियंस टूरिस्ट को सफर के दौरान देखने को मिलते हैं।

### साल में पांच माह ही खुलता है साच पास

साच पास को खोलने और उसकी रखरखाव का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के पास है। जैसे ही गर्मी का सीजन आता है, तो लोक निर्माण विभाग द्वारा साच पास को खोलने के लिए मशीनरी लगाई जाती है। साच टूरिस्टों के घूमने के लिए जून माह में खुलता है और अक्टूबर में फिर से बंद हो जाता है। इस बीच यहां पर्यटकों की खूब आवाजाही रहती है। साथ ही जब देश में शरीर को झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही होती है तब साच पास पर बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है।

### कैसे पहुंचें

अगर आप हिमाचल प्रदेश के बाहर से साच पास पहुंचना चाहते हैं, तो सबसे पहले पठानकोट पहुंचना होगा। उसके आगे दुनेरा या नूरपुर से चंबा की सीमा में सड़क मार्ग से दाखिल होंगे। इसके बाद वाया डलहौजी होते हुए तीसा मुख्यालय पहुंचें। इससे आगे साच पास का सफर शुरू होगा।

साच पास डलहौजी से 175 किमी. दूर है। इसके अलावा, चंबा होते हुए भी पहुंच सकते हैं। साच पास चंबा मुख्यालय से करीब 127 किमी. दूर है। चंबा से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों, निजी वाहनों या टैक्सियों में साच का सुहाना सफर किया जा सकता है।

### रूकने और खाने की दिक्कत

साच पास टूरिज़्म के लिहाज से अभी तक पूरी तरह डेवलप नहीं हो पाया है। इसी वजह से यहां रूकने और खाने-पीने की थोड़ी समस्या है।

अगर साच जा रहे हैं, तो अपने साथ खाना लेकर ही जाएं। समय रहते या तो वापस बैरागढ़ की ओर रुख कर लें या पांगी के मुख्यालय किलाड़ की ओर निकल जाएं। खाने की व्यवस्था सतरूंडी से आगे नहीं है। साच के सफर पर जाने वाले अधिकतर पर्यटक डलहौजी में ही रुकते हैं। डलहौजी में अच्छे होटलों के साथ-साथ विश्राम गृह भी हैं। ठहरने के लिए बैरागढ में विश्राम गृह हैं। पांगी में होटल व विश्राम गृह हैं।



# 'देश के युवाओं में बढ़ रहा है हाइपरटेंशन'

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

हाइपरटेंशन से बचाव के लिए दिल्ली एम्स 17 से 25 मई तक 'हाइपरटेंशन सप्ताह' मना रहा है, इसमें एम्स में आए मरीज और उनके परिजनों को इस घातक बीमारी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। यह ऐसी बीमारी है, जिसे हर कोई नजरअंदाज कर देता है। लेकिन, इसके परिणाम काफी घातक हो सकते हैं।

एम्स ने हाइपरटेंशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें डॉक्टरों ने इस बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस में एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि देशभर से हाइपरटेंशन के मामले लगातार



सामने आ रहे हैं, इसके चलते एम्स कई सारी योजनाएं बना रहा है। इससे आने वाले समय में लोग आसानी से हाइपरटेंशन का इलाज करवा सकेंगे। डॉक्टरों ने कहा कि हाइपरटेंशन का इलाज काफी कम खर्च में किया जा सकता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में लगभग 22 करोड़ वयस्कों को उच्च रक्तचाप है। वहीं, युवाओं में हाई बीपी की बढ़ती प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। एम्स के सीसीएम डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. किरण गोस्वामी ने बताया कि आज के समय में युवाओं में हाइपरटेंशन की बीमारी ज्यादा देखी जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, खाने में अधिक नमक का सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी, अधिक वजन, तला आहार, फल और सब्जियों का कम सेवन और तनाव जैसे कई मुख्य कारण हैं, इसके चलते हाइपरटेंशन की बीमारी लगातार बढ़ती जा रही है। इसके बचाव के लिए हमें अपने भोजन में हरी सब्जियां और स्वच्छ फल, धूम्रपान-तंबाकू का सेवन ना करना, अपनी जीवन शैली में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करना जरूरी है। इस सबसे हाइपरटेंशन से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन की समस्या 18 साल से कम आयु के बच्चों में भी देखने को मिल रही है। इसके लिए बच्चों के उम्र और वजन बहुत मायने रखते हैं।

एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ. सुमित मल्होत्रा ने बताया कि 17 से 25 मई तक हम हाइपरटेंशन सप्ताह मना रहे हैं। इसमें हम मरीजों को इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस भागदौड़ भरे जीवन में 30 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को अपना ब्लड प्रेशर चेक करना चाहिए, ताकि पता चल सके कि आपके शरीर की क्या स्थिति है। भारत सरकार के गाइडलाइन में भी 30 के बाद बीपी चेक करने की सलाह जारी की गई है। उन्होंने कहा, कि अस्पताल में हाई बीपी के कई ऐसे मरीज आते हैं, जिन्हें तुरंत उपचार की जरूरत होती है। अगर हम पहले ही समय से अपना बीपी जांच लें तो इससे होने वाले गंभीर परिणामों से भी बचा जा सकता है।

# कोविड में अनाथ हुए बच्चों के लिए तमिलनाडु सरकार ने 430 करोड़ रुपये जारी किए

## राज्य सरकार ने कहा कि 382 बच्चों के लिए कुल 19.10 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई, जिसमें प्रत्येक को 5 लाख रुपए की राहत दी गई

**बिज़नेस रेमेडीज/ चेन्नई, (आईएएनएस)।**

तमिलनाडु सरकार ने कोविड-19 के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के कल्याण के लिए 430 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

राज्य सरकार ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि तमिलनाडु में कोविड-19 के कारण 382 बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों, या एक को खो दिया था। बयान में कहा गया कि इस बजट में लड़कियों की सुरक्षा के लिए 219 करोड़ रुपये जारी किए गए। राज्य सरकार ने कहा कि इन 382 बच्चों के लिए कुल 19.10 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई, जिसमें प्रत्येक को 5 लाख रुपए की राहत दी गई। यह पैसा उन्हें 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ब्याज के साथ मिलेगा। 18 वर्ष से कम उम्र के 13,682 बच्चों के एकल माता-पिता को 3-3 लाख रुपये दिए गए। श्रीलंकाई शरणार्थियों के नौ बच्चों को भी 3-3 लाख रुपये मिले। कुल 437.46 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। बयान में कहा गया है कि सरकार द्वारा घोषित सार्वजनिक बसों में मुफ्त यात्रा के कारण दिव्यांग व्यक्ति और ट्रांसजेंडर प्रति माह 1000 रुपये बचा सकते हैं। मुख्यमंत्री नाश्ता योजना से 18.50 लाख से अधिक बच्चों को लाभ हुआ है, वहीं, 'पुधुमई पेन' योजना के तहत 2.73 लाख छात्राओं को 1000 रुपये भी प्रदान किए गए। तमिलनाडु राज्य योजना आयोग के एक अध्ययन से पता चला है कि योजना लागू होने के बाद कक्षा में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। बयान में कहा गया है कि 9 नवंबर, 2021 को पारित आदेश के अनुसार, आंगनबाड़ियों में लगभग 25 प्रतिशत रिक्तियां विधवाओं और उनके पतियों द्वारा छोड़ी गई महिलाओं द्वारा भरी गई थीं। राज्य सरकार के मुताबिक, 1,26,637 महिलाओं को शादी के खर्च के लिए 1,047 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिली थी। उनमें से 68,927 को वित्तीय मदद के साथ-साथ 8 ग्राम के सोने के सिक्के भी मिले। बालिकाओं की सुरक्षा की योजना से लगभग 87,501 पात्रों को लाभ हुआ। वहीं तमिलनाडु पावर फाइनेंस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 1,43,908 पात्रों को 341.30 करोड़ रु. दिए गए हैं।

# टॉर्क फार्मा ने 'केश 999 आयुर्वेदिक हेयर ऑयल' लान्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/गुरूग्राम**

फार्मास्युटिकल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टॉर्क फार्मा ने टॉर्क आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना 'केश 999 आयुर्वेदिक हेयर ऑयल' लॉन्च किया है।

यह हेयर ऑयल प्राकृतिक अवयवों की शक्ति का उपयोग करता है और बालों के विकास को बढ़ावा देता है। आंवला, ब्राह्मी, भृंगराज और शिकाकाई से समृद्ध यह तेल बालों के झड़ने को कम करता है और जड़ों को मजबूत बनाता है। इसका विशेष फ़ॉर्मूला नमी को बरकरार रखता है और घुंघराले बालों को नियंत्रित करता है, जिससे घने और स्वस्थ बालों की वृद्धि होती है। सिर की उत्तेजना के लिए कोला पत्ता और कलौंजी से समृद्ध यह तेल रक्त प्रवाह को सुधारता है, जबकि मेथी रोमों को पोषण देकर परिसंचरण को बढ़ावा देती है। व्यापक उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करने के लिए, केश 999 आयुर्वेदिक हेयर ऑयल की उचित कीमत 140/- रुपये है, जो




130 मिलीलीटर (100 मिलीलीटर + 30 मिलीलीटर) प्रदान करता है। यह नजदीकी खुदरा दुकानों पर उपलब्ध है और इसे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

# मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के लिए सलाहकार समिति गठित, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना, प्रदेश में 59वां अंगदान हुआ

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर मानव अंग एवं प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के तहत समुचित प्राधिकारी की सहायता एवं सलाह के लिए सलाहकार समिति का गठन किया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव इस समिति के चेयरपर्सन तथा चिकित्सा शिक्षा आयुक्त सदस्य सचिव होंगे। समिति में लॉ एंड लीगल अफेयर विभाग के संयुक्त सचिव, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के अधीक्षक डॉ. विनय



मल्होत्रा, न्यूरोसर्जरी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनीष अग्रवाल, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी ओपी गुप्ता, कोटा की डॉ. नील प्रभा नाहर, मोहन फाउण्डेशन चेन्नई के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. सुनील श्रॉफ एवं कांवटिया अस्पताल जयपुर के प्रिंसिपल स्पेशलिस्ट डॉ. दिनेश शर्मा सदस्य होंगे। कमेटी का कार्यकाल दो वर्ष का होगा एवं इसका प्रशासनिक विभाग चिकित्सा शिक्षा विभाग (ग्रुप-1) होगा।

**अंगदान एवं प्रत्यारोपण का सिलसिला फिर शुरू हुआ :** ऑथराइजेशन कमेटी के गठन के बाद अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण को लेकर प्रदेश में फिर से मजबूती के साथ कार्य प्रारंभ हो गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य सरकार अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। विभाग के प्रयासों से कमेटियों के गठन के बाद प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण का सिलसिला फिर शुरू हो गया है।

**तीन लोगों को मिला जीवनदान :** श्रीमती सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जयपुर के नारायणा अस्पताल में प्रदेश का 59वां अंगदान हुआ। गुजरात मूल हाल जयपुर निवासी 44 वर्षीय शुक्ला तेजस उपेन्द्र कुमार का 21 मई 2024 को एक्सीडेंट हुआ था। उन्हें 24 मई को ब्रेन डेड घोषित किया गया।

चिकित्सकों तथा ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर की समझाइश के बाद परिजन उनके अंगदान के लिए तैयार हुए। इसके बाद एक किडनी व लिवर सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में भेजा गया तथा एक किडनी का प्रत्यारोपण नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में किया गया। इस प्रकार उपेन्द्र कुमार तीन लोगों को जीवनदान दे गए।

# जेएलआर भारत में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट का करेगी उत्पादन, कीमतों में 22 प्रतिशत तक की गिरावट तय

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** जगुआर लैंड रोवर भारत में अपनी रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन शुरू करेगी। इनके 54 साल के लंबे इतिहास में पहली बार ब्रिटेन के बाहर इन प्रतिष्ठित मॉडल का उत्पादन किया जाएगा। जगुआर लैंड रोवर का स्वामित्व टाटा मोटर्स के पास है। अभी तक इन दोनों मॉडल का उत्पादन केवल ब्रिटेन में जगुआर लैंड रोवर के सोलिहुल संयंत्र में किया जाता है और वहां से इनका भारत सहित



वैश्विक स्तर पर करीब 121 बाजारों में निर्यात किया जाता है। स्थानीय उत्पादन के साथ दोनों मॉडल की कीमत 18-22 प्रतिशत तक कम होना तय है। टाटा समूह के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन ने 15 साल पहले टाटा परिवार में जेएलआर ब्रांड लाने के लिए टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा की सराहना की। उन्होंने कहा, ''..रेंज रोवर का विनिर्माण यहीं भारत में किया जाएगा, यह एक शानदार एहसास है..यह एक बहुत ही खास पल है और इस पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।''

उन्होंने कहा कि इस कदम से कंपनी को भविष्य में देश में बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।चंद्रशेखरन ने कहा, '' अधिक बिक्री होगी, मुझे विश्वास है कि आगे का सफर बेहतरीन होगा।'' उन्होंने कहा कि यहां इसके विनिर्माण से संकेत मिलता है कंपनी को इस बाजार में कितना विश्वास है।

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने बताया कि देश में ग्राहकों के व्यापक वर्ग के वास्ते दोनों मॉडल तक पहुंच सुलभ बनाने के लिए स्थानीय उत्पादन कंपनी के लिए एक बड़ा



कदम है। अंबा ने कहा, '' कंपनी के इतिहास में पहली बार रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन अब भारत में किया जाएगाज यह हमारे लिए एक बड़ी घोषणा है क्योंकि ये हमारी प्रमुख वाहन हैं और इनके 54 साल के इतिहास में इनका उत्पादन केवल सोलिहुल में जाता रहा है।'' जेएलआर इंडिया की पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में खुदरा बिक्री 81 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,436 इकाई रही थी।

# सिट्रोएन ने महेंद्र सिंह धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली फ्रांस की सिट्रोएन ने भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देश में अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, धोनी जल्द एक अभियान के जरिए सिट्रोएन के साथ नजर आएंगे।

सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, ''हमारा मानना है कि भारत के बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक धोनी का हमारे साथ जुड़ना भारतीय बाजार में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने में काफी मददगार साबित होगा। उनकी विनम्रता तथा उत्कृष्टता हमारे ब्रांड की विचारधारा से पूरी तरह से मेल खाती है....।'' धोनी ने कहा, ''ब्रांड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और टिकाऊ समाधानों को लेकर मेरी सोच के अनुरूप है...और मेरी ही तरह उस चीज पर ध्यान देता है जो वास्तव में मायने रखता है...।'

# पोको ने अगले दो साल में एक करोड़ स्मार्टफोन बिक्री का लक्ष्य रखा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** स्मार्टफोन विनिर्माता पोको की दो साल में एक करोड़ मोबाइल फोन बेचने की योजना है। इस तरह वह देश की शीर्ष पांच स्मार्टफोन कंपनियों में अपनी जगह बनाना चाहती है। पोको इंडिया के प्रमुख हिमांशु टंडन ने कहा कि कंपनी ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। उन्होंने कहा, ''हम देश की प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए हमें एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा छूना होगा। हम अगले दो-तीन वर्षों में शीर्ष पांच ब्रांड को चुनौती दे पाएंगे।'' पोको ने हाल ही में वनप्लस को पीछे छोड़कर भारत की सातवीं बड़ी स्मार्टफोन कंपनी का तमगा हासिल किया है। हालांकि, एंड्रॉयड फोन बाजार में पोको छठे स्थान पर है। अब उसकी भारतीय बाजार में हिस्सेदारी 5.9 प्रतिशत हो चुकी है। बाजार अनुसंधान फर्म आईडीसी के मुताबिक, भारत में पोको फोन की बिक्री सालाना आधार पर करीब 72 प्रतिशत बढ़ी है। पोको ने अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए अपने लोकप्रिय मॉडल पोको एफ6 के तीन संस्करण उतारे। इनकी बिक्री भारत में 29 मई से शुरू होगी।

## फॉक्सकॉन, डिक्सन के कारखानों में स्मार्टफोन बनाएगी गूगल!

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल तमिलनाडु में पहली बार अपने अल्ट्रा-प्रीमियम पिक्सेल स्मार्टफोन का विनिर्माण करने के लिए फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करेगी।जानकारी के अनुसार फॉक्सकॉन के साथ गूगल की साझेदारी डिक्सन के कारखाने में पिक्सेल स्मार्टफोन बनाने की उसकी योजना के अलावा है।स्टालिन ने एक बयान में कहा, ''ज्गूगल पिक्सेल मोबाइल फोन का विनिर्माण करने के लिए तमिलनाडु में फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करेगी। साथ ही कंपनी ने कारखाना स्थापित करने की पेशकश की है।'' जानकारी के अनुसार, गूगल भारत से स्मार्टफोन निर्यात भी करेगी।

# सैमसंग 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट पेरिस में होगा आयोजित: रिपोर्ट

**बिजनेस रेमेडीज/सोल(आईएएनएस)।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से 'गैलेक्सी अनपैक्ड' के समर एडिशन का आयोजन जुलाई में पेरिस में किया जा सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने ये जानकारी दी। बता दें, इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में ही ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा।

सूत्रों ने बताया कि 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट ओलंपिक खेल शुरू होने से करीब दो हफ्ते पहले 10 जुलाई को शुरू होगा। इसमें 'गैलेक्सी जेड फोल्ड 6' और 'गैलेक्सी जेड फ्लिप 6' स्मार्टफोन और वियरेबल गैलेक्सी रिंग का भी अनावरण किया जा सकता है। कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट में बताया गया कि यह दूसरी बार है जब दुनिया के सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी की ओर से नए फोल्डेबल फोन को पेश किया जाएगा। इससे पहले सोल में हुए गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में पहली बार कंपनी ने फोल्डेबल फोन पेश किए थे। कंपनी की ओर से 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट साल में दो बार आयोजित किया जाता है। आमतौर पर ये जनवरी और अगस्त में होता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की आधिकारिक पार्टनर है। ओलंपिक खेलों के चलते कंपनी की ओर से फ्रांस की राजधानी पेरिस को 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट के समर एडिशन के लिए चुना गया है।

इस बार उम्मीद की जा रही है कि गैलेक्सी सीरीज के स्मार्टफोन में ऑन-डिवाइस एआई दी जा सकती है, जैसे गैलेक्सी एस24 मॉडल में दी गई है, जिसे जनवरी में पेश किया गया था। इसके अलावा गैलेक्सी रिंग भी पेश की जा सकती है, जो कि एक हेल्थकेयर डिवाइस होगा। इसे कंपनी ने पहली बार फरवरी 2024 में स्पेन में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में प्रदर्शित किया गया था।



प्रगतिशील उद्यमी

# लक्ष्य और मेहनत से सफलता जरूर मिलती है: अभिषेक गुप्ता

कुंजेश कुमार पतसारिया

अगर व्यवसाय करने की ललक हो तो मेहनत और लगन से उसे अच्छी पहचान दिलाई जा सकती है। इसमें पढ़ाई कहीं ज्यादा आड़े नहीं आती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है रूप संगम के निदेशक अभिषेक गुप्ता ने। इन्होंने स्नातक तक पढ़ाई कर अपने पुस्तैनी व्यवसाय में पिताजी से काम सीखा, उसके बाद उनके साथ लगातार नई-नई विद्या को अपनाकर उसे आगे बढ़ाया। आज उनके यहां करीब 1500 से ज्यादा वर्कर उनके गारमेंट व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। वे आधुनिक मशीनों के जरिए लेडिज गारमेंट वस्त्रों को तैयार करवाते है। आज लेडिज गारमेंट में इन्होंने मार्केट में अपनी अलग पहचान कायम की है।



नामः अभिषेक गुप्ता
फर्म का नामः रूप संगम
पदः निदेशक
स्थापना वर्षः 2010
ई-मेल आईडीः AbhishekGupta6525@Gmil.com
ऑफिस का पताः ई-258 ए,बसमेंट, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, मानसरोवर,जयपुर।

### आपने अपने व्यवसाय की शुरुआत कब की और किस तरह की सेवाएं प्रदान करते हैं?

हमने कंपनी की स्थापना 10 मई,2010 में की। यह हमारी गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी रूप संगम है। हमारे यहां अलग-अलग प्रकार के लेडिज गारमेंट तैयार किए जाते हैं। इस काम में करीब 1500 से अधिक वर्कर जुड़े हुए हैं। जिन्हें सीधा-सीधा रोजगार मुहैय्या करवाया जा रहा है।

### क्या कोई गरीबों को रिहायत प्रदान की जाती है?

हम अपने व्यवसाय गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को रोजगार देने में काफी सहयोग करते हैं। वर्करों को हम आत्मनिर्भर बनाने में पूरी तरह से मदद भी करते हैं। इसके अलावा पिछड़े तथा कम शिक्षित या अशिक्षित महिलाओं को भी रोजगार प्रदान करने में सहयोग करते हैं।

### प्रतिस्पर्धा के समय में क्या कोई कठिनाई महसूस करते हैं?

प्रतिस्पर्धा को मैं एक चुनौती के रूप में स्वीकार करता हूं। इससे कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। किसी भी व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कठिनाई तो आती ही है, पर उससे कुछ सीखने का मौका भी मिलता है। मार्केट में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है, इससे फैशन इंडस्ट्री में काफी असर पड़ता है।

### आने वाले समय में व्यवसाय को और आगे कितना बढ़ाने चाहते हैं?

हम आने वाले एक-दो वर्षों में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येनशील है, 40 से 50 फीसदी व्यवसाय को बढ़ाने की उम्मीद है। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा लोगों को भी रोजगार देने अग्रसर है, जिससे कुछ हद तक देश व समाज में बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो सकेगा।

### आप अपना आदर्श किसे मानते हैं?

मैं अपना आदर्श अपने पिताजी को ही मानता हूं। इन्होंने ही मुझे इस व्यवसाय में आने को प्रेरित किया। जो कुछ सीखा है उनके मार्गदर्शन में ही सीखा है।

### आप कोई सामाजिक संगठन से जुड़े हुए है या फिर सामाजिक सरोकार कार्य किए?

मैं बहुत सारे सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ हूं। इसके अलावा एक सामाजिक संस्था से भी जुड़ा हूं। हम गौशाला, अनाथालय व मंदिरों में श्रद्धा अनुसार आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहते हैं।

### कोई सम्मान या फिर पुरस्कृत हुए हैं तो बताएं?

हमारी फर्म ने कई प्रदर्शियों में हिस्सा लिया है। जैसे जयपुर गारमेंट क्लब, सूरत ड्रीम, आईपीएफएफ और फैशन शो में भाग ले चुके हैं। हमें यहां सम्मान भी मिल चुका है।

### यूथ को व्यवसाय बढ़ाने के लिए क्या सुझाव देना चाहते हैं?

मेरा तो युवाओं से यही सुझाव है कि वह जो भी व्यवसाय शुरू करें लक्ष्य लेकर पूरी मेहनत से करें, देर सवेर सफलता जरूरी मिलती है।

### केंद्र सरकार और राज्य सरकार से आपकी क्या अपेक्षा हैं?

सरकार से हमारा यही सुझाव है कि वह गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देकर प्रोत्साहित करे।

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: कुमार राघवन



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी।' उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं।

राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं। उन्होंने कहा, 'हम दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र हैं। हमारे लिए कुछ अनुकूल परिस्थितियां जारी हैं।' राघवन ने कहा, 'पिछले सात-आठ साल में हमने संस्थापकों को कई स्टार्टअप शुरू करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा कि अनुभव की इस संपदा ने न केवल स्टार्टअप को गति दी है, बल्कि उनकी सफलता की संभावना भी बढ़ा दी है।

# इंडियन ओवरसीज बैंक की चालू वित्त वर्ष में 88 नई शाखाएं खोलने की है योजना

**इंडियन ओवरसीज बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन बैंकिंग उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक का कुल कारोबार पांच लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है।**

**बिजनेस रेमेडीज/चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक की चालू वित्त वर्ष 2024-25 में समूचे भारत में 88 नई शाखाएं स्थापित करने की योजना है। बैंक ने अपने विस्तार अभियान के तहत हाल ही में नागापट्टिनम में एक नई शाखा और पड़ोसी पुडुचेरी में 126वें एटीएम का उद्घाटन किया है।इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एंव मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने नागापट्टिनम के मेडिकल कॉलेज में बैंक की 3,240वीं शाखा का उद्घाटन करते हुए बैंक की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक का लक्ष्य इस वर्ष पूरे भारत में 88 नई शाखाएं खोलना का है। इसमें से आठ शाखाएं पुडुचेरी, कुड्डालोर, नागापट्टिनम और मयिलादुथुराई जिलों में होंगी, जिसका मकसद उन ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाएं पहुंचाना है जहां अभी बैंक नहीं हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इंडियन ओवरसीज बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन बैंकिंग उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक का कुल कारोबार पांच लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है।

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166 पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com